हरिभूमि
# रायपुर भूमि



# जेल की सुरक्षा को ताक पर रखकर बना रहे थे रील, निर्माणाधीन स्काई वॉक की सीढ़ी हटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शास्त्री चौक से डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल के बीच बनाए जा रहे डेढ़ किलोमीटर लंबे स्काई वाक से जेल की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। इसका कारण जेल के पास स्काई वाक से उतरने-चढ़ने जो सीढ़ी बनायी जा रही है, उस सीढ़ी पर चढ़कर युवाओं द्वारा रील बनाया जाना है। जेल प्रशासन की आपत्ति के बाद निर्माणाधीन स्काई वाक की



सीढ़ी के ऊपरी छोर को अलग किया गया है। स्काई वाक का निर्माण पूरा होने के बाद जेल के सामने की सीढ़ी को लगाया जाएगा। स्काई वॉक आंबेडकर चौक से घड़ी चौक और जयस्तंभ चौक तक फैला है और पूरे मार्ग पर 12 स्थानों पर सीढ़ियां और एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं। इसमें जेल के मेन गेट के पास भी सीढ़ी का निर्माण किया जा रहा है। आसपास के घुमंतू तथा रीलबाज लड़कों द्वारा सीढ़ी पर चढ़कर जेल को दिखाते हुए रील बनाए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इस बात को गंभीरता से लेते हुए जेल प्रशासन ने आपत्ति व्यक्त करते हुए सीढ़ी को तत्काल हटाए जाने की मांग की।

### ऊंचाई पर चढ़ने से दिखता है जेल का अंदरूनी हिस्सा

बताया जा रहा है, आधे अधूरे निर्माणाधीन स्काई वाक के ऊपर से अभी जेल का अंदरूनी हिस्सा दिखता है। रील बनाकर वायरल करने से जेल की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जेल के पास से स्काई वाक की सीढ़ी को हटाया गया है। स्काई वाक के पूरी तरह से निर्माण होने के बाद स्काई वाक से सीढ़ी को जोड़ा जाएगा।

### सुरक्षा नहीं, कभी भी हो सकता है हादसा

रील बनाने की चाह में युवक युवती प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसकर रील बना रहे हैं। इसके साथ ही जोखिम मोल लेते हुए निर्माणाधीन स्काई वाक के ऊपर चढ़कर लड़के लड़की रील बना रहे हैं। इससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। स्काई वाक के पास किसी भी तरह से निगम प्रशासन ने कोई सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया है।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
कूपन नं.
7

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## रायपुर से उज्जैन जाने अगस्त तक स्लीपर में कन्फर्म टिकट मुश्किल

# सावन में महाकाल दर्शन...उज्जैन जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग, श्रावणी मेले के लिए स्टापेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सावन शुरू होने के पहले ही महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। इसका असर ट्रेनों की बुकिंग पर भी दिखाई दे रहा है। रायपुर से उज्जैन जाने वाली ट्रेनों में अभी से लंबी वेटिंग शुरू हो गई है। अगस्त तक स्लीपर कोच में कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। रायपुर से उज्जैन के लिए बिकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस सप्ताह में केवल दो दिन चलती है। इसके कारण सावन के प्रत्येक सोमवार से दो दिन पहले चलने वाली ट्रेनों में स्लीपर कोच की वेटिंग 50 से अधिक पहुंच गई है। कन्फर्म टिकट नहीं मिलने पर कई यात्री इंदौर के रास्ते उज्जैन जाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि इस रूट पर भी यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। रायपुर से इंदौर के लिए हमसफर, बिकानेर और पुरी–जोधपुर एक्सप्रेस की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन सावन के प्रत्येक सोमवार से पहले शनिवार और रविवार को इन ट्रेनों के सभी कोच में 30 से अधिक यात्रियों की वेटिंग दर्ज की जा रही है।

हरिभूमि सरोकार



- महादेवसाल स्टेशन में 30 जुलाई से 28 अगस्त तक श्रद्धालुओं को मिलेगी 8 ट्रेनों के ठहराव की सुविधा

### महादेवसाल स्टेशन पर आठ ट्रेनों का मिलेगा अस्थायी ठहराव

सावन माह में भगवान शिव के मंदिरों में दर्शन के लिए बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए रेलवे ने महादेवसाल मंदिर में आयोजित श्रावणी मेले के दौरान यात्रियों को विशेष सुविधा देने का निर्णय लिया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल स्थित महादेवसाल स्टेशन पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने एवं चलने वाली चार जोड़ी, आठ ट्रेनों का 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। रेलवे के अनुसार इस व्यवस्था से श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को महादेवसाल मंदिर तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। सावन माह को देखते हुए भगवान शिव के प्रमुख मंदिरों के लिए ट्रेनों में यात्रियों की संख्या भी बढ़ने लगी है।

### *श्री गंगानगर-पुरी एक्सप्रेस में बढ़ाया गया अतिरिक्त एसी-3 कोच*

*त्योहारी और यात्रा सीजन के दौरान बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने श्री गंगानगर-पुरी- श्री गंगानगर एक्सप्रेस में यात्रियों के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई है। अधिक से अधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिल सके, इसके लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली इस ट्रेन में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ा जा रहा है। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 20471 श्री गंगानगर–पुरी एक्सप्रेस में 12 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक एक अतिरिक्त एसी-3 कोच लगाया जाएगा। वहीं, गाड़ी संख्या 20472 पुरी–श्री गंगानगर एक्सप्रेस में 15 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक यह सुविधा उपलब्ध रहेगी।*


### इन ट्रेनों का रहेगा अस्थायी ठहराव

- 13288 आरा–दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस : महादेवसाल आगमन सुबह 9.47 बजे, प्रस्थान 9.48 बजे।
- 13287 दुर्ग–आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस : आगमन दोपहर 3.17 बजे, प्रस्थान 3.20 बजे।
- 18477 पुरी–योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस : आगमन सुबह 7.24 बजे, प्रस्थान 7.26 बजे।
- 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पुरी उत्कल एक्सप्रेस : आगमन दोपहर 3.45 बजे, प्रस्थान 3.47 बजे।
- 18109 टाटानगर–नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस : आगमन सुबह 8.56 बजे, प्रस्थान 8.58 बजे।
- 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी–टाटानगर एक्सप्रेस : आगमन शाम 5.23 बजे, प्रस्थान 5.25 बजे।
- 18113 टाटानगर–बिलासपुर एक्सप्रेस : आगमन रात 9.05 बजे, प्रस्थान 9.07 बजे।
- 18114 बिलासपुर–टाटानगर एक्सप्रेस : आगमन रात 2.03 बजे, प्रस्थान 2.05 बजे।

# जीजा पर छोड़ा तीर भाई की पीठ के पार हुआ, डाक्टरों ने सर्जरी के जरिए निकालकर दिया जीवनदान

*आंबेडकर अस्पताल के सर्जरी विभाग में हुई इमरजेंसी सर्जरी, बची जान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पारिवारिक विवाद में जीजा पर छोड़ा गया तीर भाई की पीठ में जा घुसा। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को इलाज के लिए उसी हालत में आंबेडकर अस्पताल लाया गया। सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने गंभीरता दिखाई और इमरजेंसी में सर्जरी कर उसकी जान बचा ली। ऑपरेशन के बाद मरीज को डाक्टरों की निगरानी रखा गया और पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।



डॉ. संतोष सोनकर

गरियाबंद के घुमरापदर गांव में कुछ दिन पहले घटना हुई थी। वहां रहने वाले एक परिवार में किसी बात पर विवाद गरमा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बाल-बाल बची किडनी और महाधमनी

तीर का हमला इतना जोरदार था कि वह पीठ से होते हुए पेट तक पहुंच गया था। डाक्टरों के अनुसार मरीज का सौभाग्य रहा कि तीर किडनी, उसके बाजू में स्थित हृदय की महाधमनी में नहीं लगा। ऐसा होने पर मरीज की तत्काल मृत्यु हो जाती है। दोनों अंगों के बीच से होते हुए वह पेट में जा धंसा था। इस सर्जरी को जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. मंजू सिंह के नेतृत्व में डॉ. सुखलाल निराला, डॉ.मनीष साहू, डॉ रेशम सिंह, डॉ वेदांत शेखर, डॉ फतेलाल निषाद एवं एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. जया लालवानी एवं उनकी टीम ने पूरा किया।

### अत्यंत गंभीर हालत में आया था

मरीज अत्यंत गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचा था। सर्जरी विभाग की टीम ने बिना समय गंवाए आपातकालीन ऑपरेशन कर उसकी जान बचाने में सफलता प्राप्त की। अस्पताल में गंभीर ट्रॉमा एवं आपातकालीन केस के उपचार के लिए अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपलब्ध है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक मरीज को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए।

- **डॉ. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

# मानसून द्रोणिका का एक हिस्सा मिजोरम तक पहुंचा, बंगाल की खाड़ी में हलचल के साथ लौटेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में झमाझम बारिश के बाद मानसून द्रोणिका का एक हिस्सा मिजोरम तक पहुंच गया है। उसके लौटने के लिए बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने का इंतजार करना होगा। बारिश कम होने से वातावरण में चिपचिपाहट बढ़ रही है और तापमान 34-35 डिग्री तक पहुंच गया है। देश में बारिश की गतिविधि असम और बिहार की तरफ बढ़ने की संभावना है।

- असम बिहार में ज्यादा वर्षा, छतीसगढ़ में गतिविधि सीमित

राज्य के सभी इलाकों में जोरदार बारिश के बाद सिस्टम कमजोर हो चुका है। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी और आसपास के इलाकों में रहने वाली मानसून द्रोणि का मिजोरम तक पहुंच गई है। राज्य के लिए यह एक तरह से ब्रेक की स्थिति है। राज्य में स्थानीय प्रभाव से बारिश हो रही है, मगर सीजनल वर्षा की गतिविधि कम हो चुकी है। वातावरण में ▶▶|शेष पेज 13 पर

अग्रसेन
प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN
2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.
(Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

अब में 2 स्थानों पर एक साथ
सुराना भवन छोटापारा, रायपुर में एवं महादेव घाट रोड सुमीत बाजार के बाजू
सेल बाजार
Managed by Shubham K Mart Pvt. Ltd.
माइनर सेकण्ड्स एवं फ्रेश गारमेंट्स Sale
प्रीमियम क्वालिटी ब्रांडेड गर्ल्स टॉप ₹40 प्रति पीस
ऑफर मिनीमम 5 पीस लेने पर ही...
गर्ल्स चूड़ीदार लेगिंग्स / प्लाजो एवं बॉटम ₹40 प्रति पीस
ऑफर मिनीमम 5 पीस लेने पर ही...
बाजार मूल्य ₹899 से ₹1699 प्रति पीस वाली गर्ल्स जीन्स ₹99 प्रति पीस
ऑफर मिनीमम 5 पीस लेने पर ही...
बाजार मूल्य ₹399 से ₹999 प्रति पीस वाली टीशर्ट ₹60 प्रति पीस
ऑफर मिनीमम 5 पीस लेने पर ही...
साड़ियाँ, सलवार सूट, सूटपीस, रेडीमेड (हर उम्र के लिये)
हैण्डलूम आयटम एवं गृह उपयोगी सामान
सभी आयटम औने-पौने भाव में
ना ऐसा भाव सुना होगा ना देखा होगा
*condition apply
सेल सीमित समय के लिये सेल की हर आयटम का रेट अपने आप में आकर्षण है अवश्य पधारें...
सुराना भवन, छोटापारा रोड • महादेव घाट रोड, सुमीत बाजार के बाजू, रायपुर

# Pragati College

(Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University & Recognised by Govt. of Chhattisgarh)
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur Ph. 0771-2255911/22, Fax :2255933
E-mail : info@pragaticollege.com Website : www.pragaticollege.com

## Strong careers rise from a strong institution

Commerce
Computers
Communication
Education
Management

- B.Com, B.B.A., M.Com.
- B.C.A., B.Sc. (Computer Science), P.G.D.C.A.
- BA (Mass Communication), P.G.D.J.
- D.EL.Ed., B.Ed., M.Ed.



Enroll Now

## ADMISSIONS CALL

- Commerce & Management ✆ 9294603003
- Computer & Science ✆ 9294603013
- Mass Communication ✆ 9294603033
- Education ✆ 9294603025

## खबर संक्षेप

### निशुल्क अमृत नमक में कंकड़ व रेत मिले

**सिलयारी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन दुकानों से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क वितरित किए जा रहे अमृत नमक की गुणवत्ता को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। हितग्राहियों का आरोप है कि नमक में कंकड़ और रेत जैसी अशुद्धियां मिल रही हैं, जिससे इसका उपयोग करना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों को बेहतर गुणवत्ता की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का उद्देश्य तभी सार्थक होगा, जब वितरण की जा रही सामग्री गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो। हितग्राहियों ने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा गुणवत्तापूर्ण नमक उपलब्ध कराने की मांग की है।

### रीवा में आज विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

**आरंग।** शनिवार को ग्राम पंचायत रीवा में नवनिर्मित महतारी सदन, महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष एवं व्यवसायिक परिसर का लोकार्पण तथा अटल डिजिटल भवन का भूमिपूजन सहित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ग्राम के सरपंच घसियाराम साहू ने बताया कि उक्त कार्यक्रम सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य तथा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की अध्यक्षता में, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### ग्राम गौरभाट में कल पौधारोपण अभियान

**आरंग।** ग्राम गौरभाट में 12 जुलाई को भव्य वृक्षारोपण महाअभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं गांव को हराभरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना है। कार्यक्रम के संयोजक मनीष साहू तथा सह-संयोजक परसराम पटेल, योगेश साहू, सौमित साहू, लोकेश पटेल, ऋषि साहू, टीकम पटेल, गुपेश धुव, ललित साहू, रिंकू साहू, तरुण एवं चमन निषाद हैं। आयोजन को महानदी एजेंसी (प्रोप्राइटर – लेखन साहू) एवं शक्तिमान एग्रीकल्चर का सहयोग प्राप्त है। आयोजकों ने सभी ग्रामवासियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पौधारोपण करने की अपील की है।

# मशीनों से अमृत सरोवरों की खुदाई करके डकार गए लाखों रुपए के मुरुम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

केंद्र सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी 'अमृत सरोवर योजना' सरकारी अफसरों की लापरवाही और रसूखदारों की मनमानी के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। इस योजना के तहत क्षेत्र की 22 ग्राम पंचायतों को तालाब निर्माण और जल संरक्षण के लिए चुना गया था। मकसद साफ था कि गांवों का जलस्तर सुधरे और स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिले। लेकिन धरातल पर आते-आते यह योजना कुछ लोगों के लिए मोटी कमाई का जरिया बन गई। हालांकि कुछ पंचायतों में इस योजना के तहत बहुत अच्छे कार्य भी हुए हैं, लेकिन कई जगह अफसरों की सुस्ती का फायदा उठाकर भारी गड़बड़ी की गई।

## धरसींवा में अफसरों की सुस्ती से अमृत सरोवर योजना फेल

### मुरम को बाजार में खपाया

ग्रामीणों की शिकायत के बाद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने आनन-फानन में मौके पर चल रही खुदाई और मशीनों के काम पर रोक तो लगा दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जब तक अफसर नींद से जागे और कार्रवाई की, तब तक भ्रष्टाचारी अपना पूरा खेल खेल चुके थे और लाखों रुपये की कीमती मुरम बाजार में खपा दी गई थी। अगर समय रहते जिम्मेदार अधिकारी सही तरीके से अपनी ड्यूटी करते और मौका मुआयना करते, तो इतना बड़ा भ्रष्टाचार कभी नहीं होता।



### काम तत्काल बंद कराया

इस पर जनपद पंचायत धरसींवा के मुख्यकार्य पालन अधिकारी श्री आशीष केसरवानी ने कहा कि धरसींवा जनपद की 22 ग्राम पंचायतों में स्वीकृत अमृत सरोवर कार्य अधिकांशतः पूर्ण हो चुके हैं। कुछ पंचायतों में जेसीबी से मुरम निकालने की शिकायत प्राप्त होते ही काम तत्काल बंद करा दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए गए हैं; अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कुछ पंचायतों में आधा-अधूरा काम करके सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर दी गई, तो कुछ रसूखदारों ने इसे अवसर बनाकर मुरम की काली कमाई का जरिया बना लिया।

इस पूरे खेल में खनिज विभाग की भूमिका पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में लापरवाही से मुक्त नहीं किया जा सकता। खनिज विभाग ने तालाब से केवल कुछ ही सीमित एरिया की मुरम खुदाई की अनुमति दी थी, लेकिन रसूखदारों ने नियमों को ताक पर रखकर तय सीमा से कई गुना ज्यादा खुदाई कर डाली। हैरानी की बात यह है कि अनुमति देने के बाद खनिज विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर जांच करने या झांकने तक नहीं आया।

### जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने सामान्य सभा में बुलंद की आवाज

# नकटी की बेदखली का विरोध, काले छाते और काले वस्त्र पहनकर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने नकटी गांव के प्रभावित परिवारों का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए काले वस्त्र एवं काले छाते के साथ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध में जिला पंचायत सदस्य पूजा लोकमणि कोसले, भीनू सुजीत गिधौड़े, कविता हेमंत कश्यप एवं हरिशंकर निषाद भी शामिल रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रभावित परिवारों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उनके न्यायपूर्ण पुनर्वास की मांग की। यशवंत साहू ने कहा कि जब किसी गरीब के सिर से उसकी छत छीन ली जाती है, तब बरसात में एक छाता ही उसका सहारा बन जाता है। इसलिए प्रदर्शन में काले छाते का उपयोग उन बेघर परिवारों की पीड़ा, संघर्ष और मजबूरी को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए किया गया, जो आज भी खुले आसमान के नीचे जीवन-यापन करने को विवश हैं।

### तत्काल पुनर्वास और आर्थिक सहायता की मांग

उन्होंने सामान्य सभा में मांग की कि नकटी गांव के सभी प्रभावित परिवारों को तत्काल पुनर्वास, आर्थिक सहायता एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि विकास का अर्थ गरीबों को बेघर करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देना होना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य पूजा लोकमणि कोसले ने कहा कि बरसात के मौसम में किसी भी परिवार का बेघर होना अत्यंत पीड़ादायक है। शासन को संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत एवं सम्मानजनक पुनर्वास उपलब्ध कराना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य भीनू सुजीत गिधौड़े ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के साथ मानवीय संवेदनाओं का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। नकटी गांव के प्रभावित परिवारों को न्याय और आवश्यक सहायता समय पर मिलनी चाहिए। जिला पंचायत सदस्य कविता हेमंत कश्यप ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों को तत्काल आवास एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व जनता की पीड़ा को सदन तक पहुंचाना और उसके समाधान के लिए आवाज़ उठाना है। नकटी गांव के प्रभावित परिवारों के साथ न्याय होने तक यह आवाज़ लगातार उठती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान काला वस्त्र अन्याय के प्रति विरोध का प्रतीक बना, वहीं काला छाता उन परिवारों के दर्द का प्रतीक था, जिनके सिर से छत छिन जाने के बाद बरसात में छाता ही उनका अस्थायी सहारा बन गया है। इस सांकेतिक विरोध के माध्यम से जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेने और प्रभावित परिवारों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। /"जब गरीब की छत उजड़ती है, तब जनप्रतिनिधि का मौन सबसे बड़ा अन्याय होता है। इसलिए जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू एवं उनके साथ खड़े सभी जिला पंचायत सदस्यों ने सदन में मौन नहीं, बल्कि पीड़ित परिवारों की आवाज़ बनने का संकल्प लिया।

## भानसोज के प्रवेशोत्सव बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत



**आरंग।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला भानसोज में शुक्रवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ और मिठाई के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों, पालकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी से उत्सव का माहौल रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत आरंग के सभापति अमर मंडले थे। वहीं सरपंच जगमोहन बघेल, उपसरपंच संजीव कुमार चंद्राकर तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार धीवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, निपुण भारत मिशन तथा एफएलएन के तहत संचालित गतिविधि-आधारित शिक्षण, स्मार्ट क्लास, खेल-खेल में शिक्षा, बैगलेस डे, समर कैंप, इको क्लब, किचन गार्डन, पुस्तकालय एवं अन्य नवाचारों की जानकारी अतिथियों और पालकों को दी। इस दौरान बच्चों ने गीत, कविता, अभिनय और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा की सराहना की। प्रधानपाठक चंद्रशेखर साहू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक धरमदास पाटिल, भगवती साहू, राजेश्वरी शर्मा, अरुण कुमार पटेल, प्रवीण कुमार सोनवानी, करमचंद सोनवानी एवं कपलेश्वर बंजारा सहित शाला प्रबंधन समिति, पालकों और ग्रामवासियों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के वरूण बने संयोजक




**अभनपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें अभनपुर के वरुण राठी को रायपुर ग्रामीण व्यवसायी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर वरुण राठी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, विधायक इंद्रकुमार साहू, चंद्रशेखर साहू, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला सहित अभनपुर भाजपा मंडल, सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उनकी नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष भरत बैस, प्रदीप शर्मा,महामंत्री गौरव शर्मा, सूरज लाल साहू, दिलीप अग्रवाल,सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल,किशन शर्मा,सुनील प्रसाद, विवेक तिवारी, धनेश्वर साहू, पार्षद मीना साहू, चम्पा लेदेकर, रूपनारायण साहू, गब्बू ध्रुव,गोयल भट्ट, राजा रॉय, संतोष सिन्हा, हेमंत तारक, वेदव्यास तारक, लीलेश सिन्हा, ज्ञानप्रकाश चन्द्राकर, झड़ी पटेल,उमेश साहू एवं देवेंद्र वर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## भाजपा पार्षदों के इस्तीफे की चिट्ठी वायरल, पर अधिकारिक पुष्टि नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

आरंग से लगे नगर पंचायत समोदा में उस वक्त सियासी सरगर्मी तेज हो गई, जब सोशल मीडिया पर एक पत्र तेजी से वायरल होने लगा। इस पत्र में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सहित सभी 5 निर्वाचित भाजपा पार्षदों द्वारा सामूहिक रूप से अपने पदों से इस्तीफा देने की बात कही जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को संबोधित इस पत्र के सामने आने के बाद से ही प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं, हालांकि वास्तविक रूप से पार्षदों द्वारा इस्तीफा दिए जाने की अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वायरल हो रहे इस पत्र ने स्थानीय निकाय प्रशासन और नौकरशाही की कार्यप्रणाली को पूरी तरह से कटघरे में खड़ा


दिनांक 09/07/2026
प्रति
माननीय विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग.शासन
विषय :- निर्वाचित भाजपा पार्षदों नगर पंचायत समोदा का सामूहिक रूप से पद से इस्तीफा देने बाबत् ।
महोदय,
निवेदन है कि हम सभी निर्वाचित पार्षद कुल 5 (भारतीय जनता पार्टी) प्रशासनिक क्रियाकलापों शासकीय कर्मचारियों के द्वारा किये उत्पीड़न एवं विकास कार्यों में शून्यता को लेकर अत्यंत पीड़ा में है । हमारे वार्डों में नल,नाली,पानी निकासी तक के कार्य नही किये जा रहे है । इस स्थिति में हम सभी पार्षदों का अपने पद से इस्तीफा देना उचित है ।
अतः माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन है कि हम सभी पार्षद (भारतीय जनता पार्टी) का इस्तीफा स्वीकार कर पद से मुक्त करने कि कृपा करें ।
1. अंगेश्वर देवांगन (उपाध्यक्ष एवं पार्षद वार्ड क्र.06 नगर पंचायत समोदा)

कर दिया है। पत्र के माध्यम से पार्षदों ने अपनी गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि नगर पंचायत के शासकीय कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों को लगातार प्रताड़ित और उपेक्षित किया जा रहा है, जिससे वे जनता के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं।

### वायरल पत्रों में हस्ताक्षर हैं साफ

इस वायरल पत्र पर नगर पंचायत समोदा के उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद अंगेश्वर देवांगन, डॉ. बी.आर. अंबेडकर वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद विक्रांत सोनकर, राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद अमर निषाद, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद चेतन साहू और वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद डोमन साहू के नाम और हस्ताक्षर नजर आ रहे हैं। इस मामले में राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भले ही कल के कार्यक्रम में किसी जनप्रतिनिधि ने मंच से इस्तीफा नहीं दिया हो, लेकिन इस तरह के पत्र का वायरल होना साफ तौर पर स्थानीय प्रशासन के खिलाफ पार्षदों के भीतर पनप रहे भारी असंतोष को दर्शाता है। अब देखना लाजमी होगा कि इस वायरल पत्र को संज्ञान में लेकर संगठन और मुख्यमंत्री कार्यालय इस अंदरूनी कलह और प्रशासनिक गतिरोध को दूर करने के लिए क्या कदम उठाता है।इधर वायरल ख़बर को नगर पंचायत समोदा के उपाध्यक्ष अंगेश्वर देवांगन ने गलत बताया जबकि वायरल ख़बर पर उनके हस्ताक्षर है।

### सरकार हमारी पर अधिकारी सुनते नहीं : पार्षद

पार्षदों का कहना है कि सूबे में अपनी ही सरकार होने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी उनकी सुन नहीं रहे हैं, जिससे विकास कार्यों की गति पूरी तरह ठप हो चुकी है।पत्र में पार्षदों ने साफ तौर पर नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा है कि उनके वार्डों में बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। स्थिति यह हो चुकी है कि वार्डों में नल, नाली और पानी की निकासी जैसे बेहद सामान्य और जरूरी काम भी नहीं कराए जा रहे हैं। प्रशासनिक उदासीनता और अफसरों के अड़ियल रवैये के कारण क्षेत्र में विकास कार्य शून्य होने की बात कही गई है। पार्षदों का तर्क है कि जब वे सत्ताधारी दल में होने के बावजूद अपनी ही जनता की बुनियादी समस्याओं को हल कराने में खुद को बेबस पा रहे हैं, तो ऐसी स्थिति में पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं रह जाता और इसी वजह से उन्होंने यह कड़ा पत्र लिखा है।

## पेज 11 के शेष...

### जीजा पर छोड़ा तीर भाई...

गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि एक ग्रामीण ने अपने मुंहबोले जीजा पर तीर-कमान से हमला कर दिया। जीजा को निशाना बनाकर छोड़ा गया तीर बीच-बचाव कर रहे भाई की पीठ में जा धंसा। गांव वाले हेल्थ सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे। प्रारंभिक चिकित्सकीय परीक्षण एवं आवश्यक जांचों में पाया गया कि तीर पेट में गहराई तक धंसा हुआ था, जिससे पेट के भीतर के महत्वपूर्ण अंग गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। इसके कारण एब्डोमेन में परफोरेशन, आंतरिक रक्तस्राव तथा संक्रमण का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। ऐसी स्थिति में उपचार में थोड़ी भी देर मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकती थी। जनरल सर्जरी विभाग की विशेषज्ञ टीम ने उसकी स्थिति का त्वरित आकलन किया और बिना विलंब किए आपातकालीन शल्य चिकित्सा का निर्णय लिया। ऑपरेशन के दौरान अत्यंत सावधानी पूर्वक तीर को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया। इसके बाद क्षतिग्रस्त आंतरिक ऊतकों एवं अंगों की मरम्मत की गई, रक्तस्राव को नियंत्रित किया गया तथा पेट के भीतर जमा रक्त एवं दूषित द्रव को साफ कर आवश्यक जीवनरक्षक प्रक्रियाएं पूरी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज को सर्जरी पोस्ट-ऑपरेटिव आईसीयू में स्थानांतरित किया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की सतत निगरानी में उसका उपचार जारी है। वर्तमान में मरीज की स्थिति स्थिर है तथा उसमें लगातार सुधार देखा जा रहा है। यदि सुधार की यही गति बनी रही, तो उसे शीघ्र ही पूर्णतः स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

### मिजोरम तक पहुंची मानसून...

पर्याप्त मात्रा में नमी होने से धूप-छांव जैसी स्थिति होने के कारण चिपचिपी गर्मी का असर हो रहा है। शुक्रवार को राजधानी में कुछ ऐसे ही हालात बने रहे और अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने की गतिविधि शुरू हो सकती है। इस दौरान मानसून द्रोणिका नीचे की ओर आएगी। सिस्टम प्रदेश में वर्षा के लिए कितना असरदार होगा यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। बस्तर संभाग के जिलों में भौगोलिक कारण से वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-- :: आम सूचना :: --**

जारी दिनांक 09/07/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम - बोरियाकला प.ह.न. - 81 रा.नि. म - रायपुर - 18 तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. में आवेदक श्री राकेश असरानी पिता सुरेश असरानी पमा म.नं. 55 मांझापारा कांकेर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 24, 25/1, 25/2 रकबा 0.109, 0.099, एवं 0.0209 कुल रकबा 0.4170 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25/06/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 20/07/2026 को किया जाना नियत हैं। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता हैं। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जानें।**

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18 कांदुल**

**समक्ष पब्लिक नोटरी रायपुर छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं यशस्वी साहू पिता श्री प्रवीण कुमार साहू उम्र 22 वर्ष निवासी संतोषी नगर रायपुर छ.ग. निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

1- यह कि मेरे पिता का सही नाम प्रवीण कुमार साहू है जो कि सत्य एवं सही है किन्तु मेरे कक्षा 10 एवं 12 वीं की अंकसूची ड्राइविंग लायसेंस एवं पेनकार्ड में मेरे पिता का नाम अंग्रेजी में PRAVEEN SAHU दर्ज है जबकि पूरा नाम प्रवीण कुमार साहू अंग्रेजी में PRAVIN KUMAR SAHU है जो कि सत्य एवं पूरा नाम है।

2- यह कि मैं अपने समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजो पर अपने पिता का पूरा नाम PRAVIN KUMAR SAHU दर्ज कराना चाहता हूं तथा भविष्य में समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजो पर यही नाम लिखा, पढ़ा, जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे।

3- यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पिता का पूरा नाम PRAVIN KUMAR SAHU होने एवं समस्त दस्तावेजो पर दर्ज किये जाने के संबंध में प्रस्तुत कर रहा हूं।

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 3 में लिखी बाते सत्य एवं सही है जिसे मैं रायपुर में पढ़ एवं समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**यशस्वी साहू**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// सूचना-प्रकाशन //**

क्रमांक / क / वाचक / अति.तहसीलदार / 2026

रायपुर, दिनांक 10/07/2026

प्रति,

श्रीमती विनीता छाबड़ा पति श्री सतबीर सिंह छाबड़ा
निवासी– नर्मदापारा रायपुर छ.ग.

**विषय** :- राजस्व मामला क्रमांक / /अ–70/वर्ष 2025–2026 पक्षकार श्रीमती रजनी आर्य विरूद्ध छ.ग. शासन, ग्राम–जोरा, प.ह.नं. 66, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रजनी आर्य पति श्री अशोक आर्य निवासी–सेक्टर 02, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन–पत्र अंतर्गत धारा 250 छ.ग. भू–राजस्व संहिता प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि ग्राम–जोरा प.ह.नं. 66 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा 10/636, रकबा 0.0660हे. भूमि में आवेदिका का नाम भू–स्वामी हक में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का न्यायालय के प्र.क्र. 202411110800026 / अ–12 / वर्ष 2025–26 में राजस्व निरीक्षक प्रतिवेदन दिनांक 14/05/2026 में सीमांकन रिपोर्ट एवं नक्शा में प्रार्थी की भूमि को काले रंग की हैचिंग से दर्शाया गया है। अनावेदक श्रीमती विनीता छाबड़ा पति श्री सतबीर सिंह छाबड़ा निवासी–नर्मदापारा रायपुर छ.ग. की बाउंड्री भू–खण्ड को लाल रंग से दर्शाया गया है। लाल रंग से दर्शित बाउंड्री प्रार्थी की काली हैचिंग वाली भूमि पर ओवरलेप कर रही है। केवल नाममात्र का क्षेत्र ओवरलैपिंग से बचा है। मौके पर अनावेदक ने उक्त ओवरलेपिंग वाले हिस्से पर प्रीकास्ट की अस्थाई बाउंड्री वॉल बना रखी है, जिसके कारण प्रार्थी अपनी भूमि पर काजिब नहीं हो पा रही है। उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि का सीमांकन प्रतिवेदन में नक्शा में चिन्हांकित कर दर्शाया गया है। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित भूमि में अनावेदकगण के द्वारा किये गये अवैध कब्जा से बेदखल कर कब्जा दिलाये जाने हेतु आवेदक के द्वारा निवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप विक्रेता / भूमस्वामी हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 21/07/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर (रा.) रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.मा.क्रं. ब/121 वर्ष 2025-26**

**रायपुर दिनांक 30/06/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुखम बाई पति स्व. राजाराम डहरिया निवासी ग्राम चीचा तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर द्वारा संयुक्त स्वामित्व की भूमि ग्राम चीचा तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर स्थित ख.नं. 619/1 रकबा 0.2600 हे. भूमि को वैष्णव ताडि को दान देना चाहती है। उक्त भूमि नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में आने के कारण दान दिये जाने अनापत्ति/ अनुमति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पेश किया गया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ अभिभाषक या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 30/07/2026 तक न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष क्र. 12 में दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/06/2026
स्थान :- रायपुर

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**रायपुर**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुष्मिता मंडल पिता स्वप्न कुमार मंडल निवासी एल.आई.सी. रोड काली मंदीर के पास बांकुरा, जिला–बांकुरा यह शपथ करती हूं कि मैं अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सुष्मिता मंडल बाजपेयी पति श्री अमलेन्दु बाजपेयी रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुष्मिता मंडल बाजपेयी पति श्री अमलेन्दु बाजपेयी से ही जाना पहचाना जावे।

**सुष्मिता मंडल बाजपेयी**
**190 ए.आई.एस. कॉलोनी, हाऊसिंग बोर्ड सेरीखेड़ी, रायपुर**

**(आम सूचना – फर्म पुनर्गठन)**

खबर छत्तीसी मीडिया पार्टनरशिप फर्म (PAN No. AAATC9294Q) रजिस्टर्ड पता- मकान नंबर- 311, रॉयल बिल्डर्स, दुर्गा मंदिर के पास, नेताजी चौक, न्यू शांतिनगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ जो कि दिनांक- 15/09/2017 और सप्लीमेंट्री डीड 01/05/2018 से संचालित हो रही है, इस फर्म के एक पार्टनर डॉ. विनोद कुमार सिंह पिता श्री विश्राम सिंह दिनांक 01/06/2026 से रिटायर हो गए हैं। वर्तमान में उक्त फर्म शेष दो पार्टनर **1.** अर्धेंदु कुमार मुखर्जी पिता श्री परिमल कुमार मुखर्जी **2.** ओमप्रकाश चंद्राकर पिता स्व. श्री नंद कुमार चंद्राकर द्वारा संचालित है।

**अर्धेंदु कुमार मुखर्जी**
**खबर छत्तीसी मीडिया रायपुर, छत्तीसगढ़**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विभाष झा को मिली पीएचडी की उपाधि



रायपुर। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई जिला दुर्ग ने वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया शिक्षक विभाष कुमार झा को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि दी है। डॉ. झा ने 'आध्यात्मिक संचार में ओशो का योगदान : एक समग्र अध्ययन' विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया। उन्होंने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शोध निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. धनेश जोशी के निर्देशन में शोधकार्य किया। जनसंचार विषय के अंतर्गत ओशो पर केंद्रित यह देश में दूसरा शोध अध्ययन है।

### मितानिन कल्याण कोष से हजार मितानिन परिवारों को राहत

रायपुर। मितानिन कयाण कोष छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वाकांक्षी एवं सामाजिक सुरक्षा योजना है, जो देश में एक अनोखी पहल है। राज्य शासन द्वारा समाज के प्रति प्रारंभ से ही मितानिन की निस्वार्थ एवं स्वैच्छिक सेवाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से संचालित एक विशिष्ट कल्याणकारी योजना है। इसके अंतर्गत लगभग 2300 दावा प्रकरण लंबित थे, जिसके कारण मितानिनों को विकट आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसका संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व एवं सतत प्रयास से राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन के - सोसायटी फॉर एक्शन इन कम्युनिटी हेल्थ दावा निराकरण करते हुए संबंधित मितानिनों के बैंक खातों में कुल 659.42 लाख रुपए (6.59 करोड़ रुपए) की सहायता राशि सफलतापूर्वक हस्तांतरित की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया है कि आगामी वित्तीय वर्ष के दावा प्रकरण का शीघ्र निराकरण किया जाएगा, जिससे पात्र मितानिन को समय पर सहायता उपलब्ध हो सके।

## निधन

### रजनी छाबड़ा



रायपुर। सेक्टर-2, विद्या निकेतन के पास, अवंति विहार निवासी रजनी छाबड़ा (83) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 जुलाई 2026 को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम जाएगी। वे किशनचंद छाबड़ा की पत्नी एवं श्याम छाबड़ा की माता थीं।

### रामकली दीवान



रायपुर। सोमनाथ मंदिर रायपुर निवासी रामकली दीवान का 10 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमनाथ में किया गया। वे स्व. रामखिलावन दीवान की धर्मपत्नी, राजेश दीवान, गिरिजेश दीवान एवं योगेश दीवान की माता थीं।

# नाले के ऊपर तान दिया टिन का शेड, बिल्डिंग भी ऐसी कि आग लगी तो बचना मुश्किल


*राजधानी रायपुर के सबसे बड़ा कपड़ा मार्केट पंडरी में नगर निगम के तोड़दस्ता ने शुक्रवार को एक होलसेल कपड़े की दुकान के खिलाफ कार्रवाई की। दुकान संचालक ने नाला के ऊपर कब्जा कर अवैध रूप से कंक्रीट तथा टिन का शेड का निर्माण करा लिया था। इसकी शिकायत मिलने पर तोड़दस्ता की टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पंडरी कपड़ा मार्केट में प्रकाश होलसेल बाजार की बड़ी दुकान है। इस दुकान में लगभग तीन फ्लोर बने हैं। सभी फ्लोर में अलग-अलग प्रकार के कपड़े रखे हुए हैं। इस फ्लोर में हर दिन चिल्हर कपड़ा व्यापारी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। दुकान संचालक ने दुकान को और बड़ा बनाने के लिए दुकान के पीछे गुजरे नाला के ऊपर कंक्रीटीकरण तथा टिन का शेड बना रखा था। इस दुकान के पीछे बस्ती भी है। बस्ती से निकलने वाला गंदा पानी इसी नाला से होकर बाहर निकलता है, लेकिन नाला पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराने से नाला जाम हो गया था, जिसके कारण बस्ती में बारिश होते ही जलभराव की स्थिति बन रही थी। इधर नाला के ऊपर निर्माण होने के कारण इसकी सफाई भी नहीं हो पा रही थी। निगम के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया और जनहित में इस कब्जा को तोड़ने की कार्रवाई की।





### आग लगी तो बचना मुश्किल

*प्रकाश होलसेल दुकान की बिल्डिंग इस तरह से बनी हुई है कि अगर अचानक यहां आग लगती है, तो यहां फंसे लोगों को बचकर बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा। इस बिल्डिंग के पीछे की तरफ न ही कोई बड़ी खिड़की दी गई है और न ही सामने तरफ मुख्य शटर वाले हिस्से के ऊपर वाले फ्लोर पर कोई खिड़की या दरवाजा निकाला गया है। ऐसे में अगर ग्राउंड फ्लोर वाले हिस्से में आग लगती है, तो लोग अपनी जान बचाने के लिए बाहर भी निकल नहीं पाएंगे। वहीं अगर रेस्क्यू अभियान चलाया जाता है, तो भी टीम के लिए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना चुनौती से कम नहीं होगा, क्योंकि सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर वाली आग पर उन्हें काबू पाना होगा। इसके बाद ही वे दूसरे-तीसरे फ्लोर तक पहुंच पाएगी।*

## अंबुजा मॉल के पास स्थित है ढाबा

# दल-बल के साथ प्रिंस ढाबा हटाने पहुंची प्रशासन की टीम बैरंग लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के अंबुजा मॉल के समीप स्थित प्रिंस ढाबा को दल-बल के साथ हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

ढाबा संचालक को इस मामले में हाईकोर्ट से स्टे मिला है, जिसके आधार पर प्रशासन अमला को कार्रवाई रोकनी पड़ी। इधर सिख समाज के लोग भी इस कार्रवाई के विरोध में मौके पर पहुंचे थे, जिसके कारण लगभग दो घंटे तक यहां गहमागहमी का माहौल बना रहा।

### एसडीएम के फैसले के विरुद्ध अपर कलेक्टर कोर्ट में मामला विचाराधीन



### आधी शासकीय-आधी दूसरे की निजी जमीन

*तहसीलदार राममूर्ति दीवान ने बताया कि प्रिंस ढाबा के मामले में एसडीएम कोर्ट में प्रकरण चला है। इस प्रकरण में जिस जमीन पर ढाबा बना हुआ है, उसकी आधी जमीन शासकीय है तथा आधी निजी है। निजी हिस्से वाली जमीन भी किसी दूसरे की है, जिसके द्वारा शिकायत की गई थी। इस तरह ढाबा पूरी तरह से अवैध रूप से यहां बना हुआ है। इस प्रकरण में एसडीएम कोर्ट ने ढाबा को पूरी तरह से अवैध मानते हुए इसे हटाए जाने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत ही तहसीलदार ने ढाबा संचालक को नोटिस जारी कर स्वयं से ढाबा हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद ढाबा को हटाया नहीं जा रहा था। इसे देखते हुए अब प्रशासन ने ढाबा को हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके तहत राजस्व, नगर निगम विभाग की टीम बुलडोजर एवं पुलिस बल के साथ इसे हटाने पहुंची थी, लेकिन ढाबा संचालक सहित सिख समाज के कुछ लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया, जिसके कारण यहां करीब दो से ढाई घंटे तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।*

### स्टे की कॉपी मिलने के बाद रुकी कार्रवाई

*ढाबा संचालक ने इस एसडीएम कोर्ट के आदेश के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उन्होंने अपनी याचिका में उल्लेख किया है कि एसडीएम कोर्ट के आदेश के विरुद्ध उनके द्वारा अपर कलेक्टर कोर्ट में अपील की गई है, जिस पर निर्णय आना है। यह निर्णय आने से पहले ढाबा हटाने की कार्रवाई किया जाना गलत है। संचालक के अनुसार हाईकोर्ट ने अपर कलेक्टर कोर्ट का निर्णय आने तक कार्रवाई पर रोक लगाई है।*

### तालाब को पाटकर किया जा रहा था कब्जा

*उल्लेखनीय है कि प्रिंस ढाबा के पीछे सरकारी तालाब है। इस तालाब को सालभर पहले रात के समय में पाटने का काम किया जा रहा था। गांव के कुछ लोगों की शिकायत के बाद इस तालाब को पाटने से बचाया गया था। आशंका जताई जा रही थी कि तालाब को पाटने का काम जमीन पर कब्जा करने की नियत से किया जा रहा था,लेकिन ग्रामीणों की*

### ढाबा की गंदगी से तालाब का पानी दूषित

*इधर ढाबा की रसोई की गंदगी अभी भी तालाब में ही जा रही है, जिसके कारण तालाब का पानी दूषित हो गया है। इसे रोकने के लिए नगर निगम द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।*

## महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की एक सूत्रीय मांग



मुख्य सचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रायपुर।** मंत्रालय कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक मांग एक मंच अभियान और पेंशनर फोरम छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव विकासशील से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में एक मांग एक मंच अभियान के प्रांतीय संयोजक और छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष करण सिंह अटेरिया, कोषालय कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर और छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम के प्रांतीय प्रवक्ता विद्याभूषण दुबे शामिल थे।

इस अवसर पर मुख्य सचिव को ज्ञापन देते हुए श्री अटेरिया के द्वारा जनवरी 2026 से महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग की गई। साथ ही श्री अटेरिया के द्वारा 86 महीनों के लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स को शासन कब कैसे दे सकती है इस पर बात रखी गई। भेंट के दौरान पेंशनर फोरम की ओर से विद्याभूषण दुबे ने मुख्य सचिव को अवगत कराते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार एक सप्ताह के भीतर विभिन्न मुद्दों पर पेंशनर और नियमित कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करने जा रही है। श्री दुबे ने मुख्य सचिव से कहा कि इसी तरह से कार्यालय मुख्य सचिव द्वारा भी छत्तीसगढ़ के पेंशनर और नियमित कर्मचारी संघों के साथ बैठक की जानी चाहिए।

# डीएसपी को ठगने की कोशिश में फर्जी केंद्रीय अधिकारी गिरफ्तार

## बिहार तथा छत्तीसगढ़ के कई लोगों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस विभाग में डीएसपी गुरु नारायण को ठगने की कोशिश में पुलिस ने बिहार के एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी के आरोप में जिस युवक को गिरफ्तार किया है, उसने कई लोगों को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों का फर्जी अधिकारी बनकर ठगी का शिकार बनाया है। डीएसपी ने जालसाज के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

डीएसपी की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने मूलतः बिहार, बक्सर निवासी रजनीश कुमार राय उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अमलेश्वर में निवासरत था। मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला ने बताया कि डीएसपी की मुलाकात जालसाज से ट्रेन में हुई थी। इसके बाद डीएसपी को ठग ने अपना परिचय भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सहायक आयुक्त के रूप में दिया और डीएसपी से मोबाइल नंबर हासिल कर लगातार संपर्क में रहा।





*आरोपी मूलतः बिहार का रहने वाला है जो अभी अमलेश्वर में रह रहा था*

### मनचाही पोस्टिंग के नाम पर 5 लाख की मांग

*डीएसपी से संपर्क बढ़ाने के बाद जालसाज ने पुलिस विभाग के साथ कई केंद्रीय मंत्रालय के विभागों में अपनी जान पहचान होने का झांसा दिया। इसके बाद उसने डीएसपी से मनचाही पोस्टिंग के नाम पर पांच लाख रुपए देने की मांग की। इस पर पुलिस अधिकारी को शंका हुई। पुलिस अधिकारी ने जालसाज के पास कई केंद्रीय विभागों के आई कार्ड देखे। इस पर पुलिस अफसर ने रजनीश कुमार के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।*

### एडिटेड कार्ड बनाकर करता था ठगी

*पुलिस के अनुसार आरोपी एडिटेड आई कार्ड बनाकर लोगों को अपने झांसे में लेकर मनचाही पोस्टिंग कराने, नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाता था। उसके द्वारा बिहार तथा छत्तीसगढ़ के दो दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ ठगी करने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस के अनुसार जालसाज का महंगा शौक था, जिसे पूरा करने वो लोगों के साथ ठगी करता था।*

# महाराजबंध तालाब में एसटीपी शुरू करने 10 दिन में लेना होगा ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*महापौर ने भुगतान रोकने सहित कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी*

राजधानी रायपुर के महाराजबंध तालाब में निर्माणाधीन 3 एमएलडी क्षमता के एसटीपी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर महापौर ने अब संबंधित निर्माण ठेकेदार को चेतावनी दी है कि अगर आगामी 10 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कर इसका ट्रांयल नहीं लिया गया, तो भुगतान राशि को रोकने के साथ उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समृद्धि वाटर वर्कस लिमिटेड को मिला है ठेका

महाराजबंध एसटीपी का निर्माण कार्य का ठेका मेसर्स समृद्धि वाटर वर्कस लिमिटेड को मिला हुआ है। बताया जा रहा है कि एसटीपी का निर्माण कार्य के लिए जो समय-सीमा निर्धारित की गई है, वह भी खत्म हो चुका है। इसके बाद भी एसटीपी का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। इसे गंभीरता से लेते हुए महापौर ने अब इस मामले में ठेकेदार को चेतावनी दी है।



### महापौर मीनल चौबे ने किया कार्य का निरीक्षण

*महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से महाराजबंध तालाब में निर्माणाधीन 3 एमएलडी क्षमता के एसटीपी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान स्मार्ट सिटी उप अभियंता शुभम तिवारी तथा कार्य से संबंधित अनुबंधित ठेकेदार मौजूद रहे। महापौर से काफी धीमे गति से चल रहे इस कार्य को लेकर पहले नाराजगी जताई और फिर ठेकेदार को अल्टीमेटम दिया कि एसटीपी का कार्य पूर्ण कर 10 दिनों के भीतर ट्रायल करें, नहीं तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

## बिजनेस साइट

### रायपुर में 'सीआईआई एनर्जी कॉन्क्लेव 2026' संपन्न ऊर्जा सुरक्षा और हरित विकास पर मंथन

*रायपुर। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल की ओर से शुक्रवार को कोर्टयार्ड बाय मैरियट रायपुर में सीआईआई एनर्जी कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया गया। 'प्रगति को गति, भविष्य को सुरक्षा : भारत के ऊर्जा भविष्य के केंद्र में छत्तीसगढ़' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और ऊर्जा विशेषज्ञों ने ऊर्जा संक्रमण, सुरक्षा और सतत विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के चेयरमैन बजरंग गोयल के स्वागत उद्बोधन से हुआ। मुख्य वक्ता के.के. सारडा ने कोयला आधारित ऊर्जा क्षमता के साथ नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कॉन्क्लेव के दो तकनीकी सत्रों में थर्मल पावर प्लांट के आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण, ऊर्जा दक्षता तथा उद्योगों के डीकार्बोनाइजेशन के लिए हरित ऊर्जा और ओपन एक्सेस जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इसके अलावा फायरसाइड चैट, तकनीकी प्रस्तुतियां और सीईओ राउंडटेबल का आयोजन भी हुआ, जिसमें राज्य के प्रमुख उद्योगपतियों ने छत्तीसगढ़ की ऊर्जा एवं औद्योगिक भविष्य पर अपने सुझाव दिए।*



**(आम सूचना - फर्म पुनर्गठन)**

खबर छत्तीसी मीडिया पार्टनरशिप फर्म (PAN No. AAATC9294Q) रजिस्टर्ड पता- मकान नंबर- 311, रॉयल बिल्डर्स, दुर्गा मंदिर के पास, नेताजी चौक, न्यू शांतिनगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ जो कि दिनांक- 15/09/2017 और सप्लीमेंट्री डीड 01/05/2018 से संचालित हो रही है, इस फर्म के एक पार्टनर डॉ. विनोद कुमार सिंह पिता श्री विश्राम सिंह दिनांक 01/06/2026 से रिटायर हो गए हैं। वर्तमान में उक्त फर्म शेष दो पार्टनर **1.** अर्धेंदु कुमार मुखर्जी पिता श्री परिमल कुमार मुखर्जी **2.** ओमप्रकाश चंद्राकर पिता स्व. श्री नंद कुमार चंद्राकर द्वारा संचालित है।

**अर्धेंदु कुमार मुखर्जी**
**खबर छत्तीसी मीडिया रायपुर, छत्तीसगढ़**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-- :: आम सूचना :: --**

जारी दिनांक 09/07/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम - बोरियाकला प.ह.न. - 81 रा.नि. म - रायपुर - 18 तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. में आवेदक श्री राकेश असरानी पिता सुरेश असरानी पमा म.नं. 55 मांझापारा कांकेर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 24, 25/1, 25/2 रकबा 0.109, 0.099, एवं 0.0209 कुल रकबा 0.4170 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25/06/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 20/07/2026 को किया जाना नियत हैं। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता हैं। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जानें।**

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18 कांदुल**

## पेज 11 के शेष

### जीजा पर छोड़ा तीर भाई...

*गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि एक ग्रामीण ने अपने मुंहबोले जीजा पर तीर-कमान से हमला कर दिया। जीजा को निशाना बनाकर छोड़ा गया तीर बीच-बचाव कर रहे भाई की पीठ में जा धंसा। गांव वाले हेल्थ सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे। प्रारंभिक चिकित्सकीय परीक्षण एवं आवश्यक जांचों में पाया गया कि तीर पेट में गहराई तक धंसा हुआ था, जिससे पेट के भीतर के महत्वपूर्ण अंग गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। इसके कारण एब्डोमेन में परफोरेशन, आंतरिक रक्तस्राव तथा संक्रमण का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। ऐसी स्थिति में उपचार में थोड़ी भी देर मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकती थी। जनरल सर्जरी विभाग की विशेषज्ञ टीम ने उसकी स्थिति का त्वरित आकलन किया और बिना विलंब किए आपातकालीन शल्य चिकित्सा का निर्णय लिया। ऑपरेशन के दौरान अत्यंत सावधानी पूर्वक तीर को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया। इसके बाद क्षतिग्रस्त आंतरिक ऊतकों एवं अंगों की मरम्मत की गई, रक्तस्राव को नियंत्रित किया गया तथा पेट के भीतर जमा रक्त एवं दूषित द्रव को साफ कर आवश्यक जीवनरक्षक प्रक्रियाएं पूरी की गईं। ऑपरेशन के बाद मरीज को सर्जरी पोस्ट-ऑपरेटिव आईसीयू में स्थानांतरित किया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की सतत निगरानी में उसका उपचार जारी है। वर्तमान में मरीज की स्थिति स्थिर है तथा उसमें लगातार सुधार देखा जा रहा है। यदि सुधार की यही गति बनी रही, तो उसे शीघ्र ही पूर्णतः स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।*

### मानसून द्रोणिका का एक...

*पर्याप्त मात्रा में नमी होने से धूप-छांव जैसी स्थिति होने के कारण चिपचिपी गर्मी का असर हो रहा है। शुक्रवार को राजधानी में कुछ ऐसे ही हालात बने रहे और अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने की गतिविधि शुरू हो सकती है। इस दौरान मानसून द्रोणिका नीचे की ओर आएगी। सिस्टम प्रदेश में वर्षा के लिए कितना असरदार होगा यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। बस्तर संभाग के जिलों में भौगोलिक कारण से वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।*

**समक्ष पब्लिक नोटरी रायपुर छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं यशस्वी साहू पिता श्री प्रवीण कुमार साहू उम्र 22 वर्ष निवासी संतोषी नगर रायपुर छ.ग. निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

1- यह कि मेरे पिता का सही नाम प्रवीण कुमार साहू है जो कि सत्य एवं सही है किन्तु मेरे कक्षा 10 एवं 12 वीं की अंकसूची ड्राइविंग लायसेंस एवं पेनकार्ड में मेरे पिता का नाम अंग्रेजी में PRAVEEN SAHU दर्ज है जबकि पूरा नाम प्रवीण कुमार साहू अंग्रेजी में PRAVIN KUMAR SAHU है जो कि सत्य एवं पूरा नाम है।

2- यह कि मैं अपने समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजो पर अपने पिता का पूरा नाम PRAVIN KUMAR SAHU दर्ज कराना चाहता हूं तथा भविष्य में समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजो पर यही नाम लिखा, पढ़ा, जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे।

3- यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पिता का पूरा नाम PRAVIN KUMAR SAHU होने एवं समस्त दस्तावेजो पर दर्ज किये जाने के संबंध में प्रस्तुत कर रहा हूं।

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 3 में लिखी बाते सत्य एवं सही है जिसे मैं रायपुर में पढ़ एवं समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**यशस्वी साहू**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// सूचना-प्रकाशन //**

क्रमांक / क / वाचक / अति.तहसीलदार / 2026

रायपुर, दिनांक 10/07/2026

प्रति,

श्रीमती विनीता छाबड़ा पति श्री सतबीर सिंह छाबड़ा निवासी– नर्मदापारा रायपुर छ.ग.

**विषय :-** राजस्व मामला क्रमांक / /अ–70/वर्ष 2025–2026 पक्षकार श्रीमती रजनी आर्य विरूद्ध छ.ग. शासन, ग्राम–जोरा, प.ह.नं. 66, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रजनी आर्य पति श्री अशोक आर्य निवासी–सेक्टर 02, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन–पत्र अंतर्गत धारा 250 छ.ग. भू–राजस्व संहिता प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि ग्राम–जोरा प.ह.नं. 66 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा 10/636, रकबा 0.0660हे. भूमि में आवेदिका का नाम भू–स्वामी हक में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का न्यायालय के प्र.क्र. 202411110800026 / अ–12 / वर्ष 2025–26 में राजस्व निरीक्षक प्रतिवेदन दिनांक 14/05/2026 में सीमांकन रिपोर्ट एवं नक्शा में प्रार्थी की भूमि को काले रंग की हैचिंग से दर्शाया गया है। अनावेदक श्रीमती विनीता छाबड़ा पति श्री सतबीर सिंह छाबड़ा निवासी–नर्मदापारा रायपुर छ.ग. की बाउंड्री भू–खण्ड को लाल रंग से दर्शाया गया है। लाल रंग से दर्शित बाउंड्री प्रार्थी की काली हैचिंग वाली भूमि पर ओवरलेप कर रही है। केवल नाममात्र का क्षेत्र ओवरलैपिंग से बचा है। मौके पर अनावेदक ने उक्त ओवरलेपिंग वाले हिस्से पर प्रीकास्ट की अस्थाई बाउंड्री वॉल बना रखी है, जिसके कारण प्रार्थी अपनी भूमि पर काजिब नहीं हो पा रही है। उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि का सीमांकन प्रतिवेदन में नक्शा में चिन्हांकित कर दर्शाया गया है। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित भूमि में अनावेदकगण के द्वारा किये गये अवैध कब्जा से बेदखल कर कब्जा दिलाये जाने हेतु आवेदक के द्वारा निवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप विक्रेता / भूमस्वामी हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 21/07/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर (रा.) रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.मा.क्रं. ब/121 वर्ष 2025-26**

**रायपुर दिनांक 30/06/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुखम बाई पति स्व. राजाराम डहरिया निवासी ग्राम चीचा तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर द्वारा संयुक्त स्वामित्व की भूमि ग्राम चीचा तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर स्थित ख.नं. 619/1 रकबा 0.2600 हे. भूमि को वैष्णव ताडि को दान देना चाहती है। उक्त भूमि नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में आने के कारण दान दिये जाने अनापत्ति/ अनुमति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पेश किया गया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ अभिभाषक या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 30/07/2026 तक न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष क्र. 12 में दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/06/2026

स्थान :- रायपुर

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**रायपुर**

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुष्मिता मंडल पिता स्वप्न कुमार मंडल निवासी एल.आई.सी. रोड काली मंदीर के पास बांकुरा, जिला–बांकुरा यह शपथ करती हूं कि मैं अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सुष्मिता मंडल बाजपेयी पति श्री अमलेन्दु बाजपेयी रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुष्मिता मंडल बाजपेयी पति श्री अमलेन्दु बाजपेयी से ही जाना पहचाना जावे।

**सुष्मिता मंडल बाजपेयी**
**190 ए.आई.एस. कॉलोनी, हाऊसिंग बोर्ड सेरीखेड़ी, रायपुर**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अब हर शहर की होगी अलग डिजास्टर अथॉरिटी, आपदा के समय मौके पर ही होंगे फैसले

**नगर निगम आयुक्त होंगे अध्यक्ष, कलेक्टर उपाध्यक्ष, एसपी भी होंगे शामिल, बाढ़, आग, लू और औद्योगिक दुर्घटनाओं के लिए बनेगी अलग कार्ययोजना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*छत्तीसगढ़ सरकार ने तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच शहरों में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र में शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही प्राधिकरण की संरचना, शक्तियां, दायित्व, वित्तीय व्यवस्था तथा शहरी आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। इस प्राधिकरण में संबंधित नगर निगम के आयुक्त पदेन अध्यक्ष होंगे, जबकि संबंधित जिले के कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामित अपर कलेक्टर पदेन उपाध्यक्ष होंगे। पुलिस अधीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नगर तथा ग्राम निवेश, लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पर्यावरण संरक्षण मंडल तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी प्राधिकरण के सदस्य होंगे। इसका उद्देश्य किसी भी शहरी आपदा के दौरान विभिन्न विभागों के बीच त्वरित और प्रभावी समन्वय स्थापित करना है।*

### जोखिम का डेटाबेस तैयार होगा

प्राधिकरण को शहर स्तर पर आपदा जोखिम, संवेदनशील क्षेत्रों, महत्वपूर्ण अधोसंरचना, आपातकालीन संसाधनों तथा अन्य आवश्यक आंकड़ों का डेटाबेस तैयार करने और उसे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप अपडेट रखने की जिम्मेदारी दी गई है। यह जानकारी राज्य और राष्ट्रीय आपदा डेटाबेस का भी हिस्सा बनेगी।



### शहरों के लिए बनेगी अलग आपदा प्रबंधन योजना

नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अलग शहरी आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाएगी। इसमें जोखिम आकलन, बहु-जोखिम (मल्टी-हैजार्ड) विश्लेषण, रोकथाम, शमन, पूर्व तैयारी, राहत, पुनर्वास, पुनर्निर्माण, वित्तीय प्रबंधन और निगरानी को शामिल किया जाएगा। उभरते जोखिमों तथा शहरी अधोसंरचना में होने वाले बदलावों के अनुसार इस योजना को समय-समय पर अपडेट भी किया जाएगा।

### नियमित मॉक ड्रिल और जन जागरूकता अभियान

नगर निगमों को नियमित मॉक ड्रिल, क्षमता विकास कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियान आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम, जिला प्रशासन और अन्य विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर तैयारी की समीक्षा की जाएगी तथा समय-समय पर राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को अनुपालन रिपोर्ट भेजनी होगी।

### आपात स्थिति में जारी हो सकेगा स्थानीय निर्देश

शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को आपातकालीन परिस्थितियों में जन-जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए स्थानीय स्तर पर आवश्यक निर्देश जारी करने का अधिकार दिया गया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी निर्देशों का उल्लंघन, बाधा उत्पन्न करने, झूठे दावे करने अथवा कर्तव्य की उपेक्षा करने पर अधिनियम की धारा 51 से 60 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकेगी।

### बाढ़, लू, आग और औद्योगिक जोखिम पर विशेष फोकस

आदेश में प्राधिकरण को शहरी बाढ़, लू, अग्नि सुरक्षा तथा औद्योगिक जोखिम जैसे विषयों के लिए अलग उपसमितियां अथवा कार्य समूह गठित करने का अधिकार भी दिया गया है। आपदा की स्थिति में पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, स्वयंसेवकों, एसडीआरएफ तथा अन्य विशेष एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का समन्वय भी यही प्राधिकरण करेगा।

### कई योजनाओं के संसाधनों का होगा उपयोग

शहरी आपदा प्रबंधन के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि और राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अलावा नगर निगमों के वित्तीय संसाधनों, राज्य वित्त आयोग के अनुदान, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं के संसाधनों का भी उपयोग किया जा सकेगा।

### राष्ट्रीय और राज्य योजनाओं से रहेगा समन्वय

अब शहरी आपदा प्रबंधन योजना राष्ट्रीय तथा राज्य आपदा प्रबंधन योजनाओं के अनुरूप तैयार होगी। इसमें शहरी अधोसंरचना, आवश्यक सेवाओं, जनसंख्या घनत्व और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को विशेष महत्व दिया जाएगा। राज्य प्राधिकरण की मंजूरी के बाद योजना राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी भेजी जाएगी तथा इसके क्रियान्वयन की निगरानी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और संबंधित विभागों के साथ मिलकर की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने फूंका पीएम और सीएम का पुतला

**रायपुर।** कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में शहर कांग्रेस के नेताओं ने ईडी कार्यालय के निकट स्थित राजीव गांधी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पुतले का दहन किया। पुलिस प्रशासन तथा कांग्रेस में इस बीच काफी झूमझटकी हुई। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन , प्रमोद दुबे , विकास उपाध्याय , कुलदीप जुनेजा, कन्हैया अग्रवाल, देवेंद्र यादव, नंद कुमार पटेल, शिव सिंह ठाकुर, दिनेश सिंह, शिव श्याम शुक्ला, सचिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता शामिल हुए।

### कारोबारी पर चाकू से हमला, तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** अपने घर से गोडाउन जा रहे कारोबारी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने घटना के दूसरे दिन गिरफ्तार कर लिया है। कारोबारी की पत्नी ने पुलिस को बताया है कि लड़कों ने उनके पति पर रोड रेज विवाद पर गुरुवार शाम को चाकू से हमला कर हत्या करने की कोशिश की थी। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है। रोहणीपुरम निवासी जानवी लालवानी की शिकायत पर पुलिस ने विजय सोनी ऊर्फ ढोलू, लोकेश बघेल ऊर्फ लक्कू, भागवत सोनी ऊर्फ भागो को गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाश देवेंद्र नगर के रहने वाले हैं। महिला ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को उनके पति पवन कुमार लालवानी घर से गोडाउन जा रहे थे। इसी दौरान लाखे नगर रायपुरा मार्ग पर पहुजा ब्रदर्श के सामने सुंदर नगर में दो मोटर सायकल सवार चार लड़के लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते जा रहे थे।

### वरिष्ठ पत्रकार स्व. निगम की जयंती पर किया नमन



**रायपुर।** पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्व. कुलदीप निगम की 62वीं जयंती शुक्रवार को मनाई गई। इस अवसर पर माना स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम एवं मानसिक दिव्यांग बालगृह में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने स्व. निगम की प्रतिमा एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके सेवा-संकल्प को नमन किया। जयंती अवसर पर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों तथा मानसिक दिव्यांग बालक-बालिकाओं को फल एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि स्व. निगम द्वारा बोया गया सेवा का बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है और उनकी प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेगी।

**जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में सदस्यों ने जोर-शोर से उठाए मुद्दे**

# थ्रीडी फैक्ट्री हादसा, पीएम आवास, जर्जर स्कूल सहित कई मुद्दों पर घिरे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में थ्रीडी फैक्ट्री हादसा, प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के तहत अपात्रों के नाम सूची में शामिल, जर्जर स्कूल सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इन मुद्दों पर विपक्षी दल के सदस्यों के साथ सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को घेरने का प्रयास किया। इधर बैठक शुरू होने से पूर्व कांग्रेसी सदस्यों ने बैठक कक्ष के बाहर लगभग आधे घंटे तक नकटी प्रभावित परिवारों की मांग के समर्थन तथा प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में में काले वस्त्र और काला रंग की छतरी लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक शुरू होने के बाद एक-एक कर विभिन्न विभागों के एजेंडों पर चर्चा हुई। इस दौरान हाल ही में उरला स्थित थ्रीडी फैक्ट्री में हादसे में तीन मजदूरों की मौत का मामला भी जोरशोर से उठाया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने यह मामला उठाते हुए श्रम विभाग के अफसरों से पूछा कि फैक्ट्री में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कई कमियां मिली हैं। इस तरह की कमियां कई फैक्ट्रियों में हैं। विभाग द्वारा इसकी जांच की जाती है या नहीं। इस पर अफसर ने बताया कि शिकायत मिलने या फिर कलेक्टर का निर्देश मिलने पर ही फैक्ट्री की जांच कर कार्रवाई की जाती है। इस पर उपाध्यक्ष ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिले में लगातार फैक्ट्रियों में मजदूरों की जानें जा रही हैं और अधिकारी औचक निरीक्षण तक नहीं करते। उन्होंने कहा कि फैक्ट्रियों में सुरक्षा की नियमित जांच होने चाहिए, ताकि मजदूरों की मौतें न हों और जहां सुरक्षा की कमियां हैं, उन फैक्ट्रियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।




### जर्जर स्कूल, प्राइवेट में एनसीईआरटी की जगह महंगी पुस्तकें खरीदी का उठा मुद्दा

सामान्य सभा में जर्जर स्कूलों का मुद्दा भी उठा। सदस्य यशवंत साहू सहित अन्य सदस्यों ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि नए शिक्षा सत्र की पढ़ाई शुरू हो चुकी है, लेकिन जर्जर हो चुके कई सरकारी स्कूलों की अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके कारण इन स्कूलों में हादसा होने की भी संभावनाएं बनी हुई हैं। उपाध्यक्ष संदीप यदु ने सीबीएसई वाले निजी स्कूलों में विद्यार्थियों के पालकों से प्राइवेट लेखकों की महंगी पुस्तकें खरीदी कराने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों में एक महीने पहले पालकों पर दबाव डालकर महंगी पुस्तकें खरीदी कराई गई हैं। अब इन स्कूलों द्वारा पालकों को एनसीईआरटी पुस्तकें खरीदी करने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि महंगी पुस्तकें खरीदी से पालकों को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कौन करेगा। इसे लेकर उपाध्यक्ष ने सभी स्कूलों में जांच कराने एवं पालकों को उनके पैसे रिफंड कराने की मांग की। इस मुद्दे पर कई सदस्यों ने भी हिस्सा लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को घेरा। इस पर अधिकारी ने कहा कि इसकी वे जांच कराएंगे और जिन-जिन स्कूलों में पालकों से निजी महंगी पुस्तकें खरीदी कराई गई हैं, उन्हें वापस कराकर पैसे रिफंड करने कहा जाएगा।

### पीएम आवास प्लस में अपात्रों के नाम शामिल मुद्दे पर हुई चर्चा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के तहत तैयार की गई सूची में पात्र के स्थान पर कई अपात्रों के नाम शामिल किए जाने का मुद्दा भी उठा। कांग्रेसी सदस्यों ने इस मुद्दे पर अफसर से जवाब मांगा। इस पर अफसर ने बताया कि इस मामले में मंत्री विजय शर्मा ने अपात्रों को सूची से बाहर करने एवं पात्र के नाम शामिल करने के लिए पत्र लिखा हुआ है।

### मिनट्स कार्यक्रम से एफआईआर कार्रवाई का प्रस्ताव गायब भड़के उपाध्यक्ष

गोबरा नवापारा तहसील अंतर्गत ग्राम तोरला, भुरका, टीला, चंपारण सहित अन्य गांव में चना बीज घोटाला मामले में दोषी पाए गए दो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर कराने का प्रस्ताव पारित कराने के लिए सामान्य सभा के मिनट्स कार्यक्रम में शामिल किया था। इस प्रस्ताव को जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने लाया था, जिसे सर्वसम्मति से आज पारित किया जाना था, लेकिन यह प्रस्ताव मिनट्स कार्यक्रम से गायब रहा। इसे लेकर उपाध्यक्ष ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि जनहित से मामला जुड़ा होने के बाद भी उन्हें जानकारी दिए बिना इस प्रस्ताव को मिनट्स से हटा दिया है, जो नियमों के विरुद्ध है। इस पर जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने कहा कि वे इस मामले में अब कार्रवाई कराने के लिए शासन को प्रस्ताव भिजवाएंगे।

# कृषि विवि में काउंसिलिंग प्रारंभ पहली मेरिट लिस्ट 23 को

**बीटेक एग्रीकल्चर के लिए पंजीयन 20 तक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रारंभ कर दी गई है। बीटेक कृषि अभियांत्रिकी तथा बीटेक खाद्य प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया का विस्तृत शेड्यूल विवि ने जारी कर दिया है। इन पाठ्यक्रमों में पीईटी, जेईई एडवांस-मेंस तथा 12वीं कक्षा के गणित समूह की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। ऑनलाइन काउंसिलिंग में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन 10 से 20 जुलाई तक प्रारंभ रहेगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि में ऑनलाइन पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची 23 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके उपरांत निर्धारित कार्यक्रमानुसार 24 जुलाई से 30 जुलाई तक विभिन्न चरणों में मेरिट के आधार पर सीट आवंटन,



दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। प्रवेश विज्ञापन, ऑनलाइन काउंसिलिंग समय-सारणी, ऑनलाइन पंजीयन दिशा-निर्देश, ऑनलाइन काउंसिलिंग दिशा-निर्देश, सीटों का विवरण एवं अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विवि प्रबंधन ने छात्रों से अनुरोध किया है कि वे आवेदन करने से पूर्व सभी दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें तथा नवीनतम जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

### शेड्यूल पीएटी परिणाम के बाद

बीटेक कृषि व खाद्य प्रौद्योगिकी में दाखिले इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर मिलते हैं। वहीं बीएससी कृषि में प्रवेश प्री एग्रीकल्चर टेस्ट अर्थात पीएटी के आधार पर मिलते हैं। व्यापम द्वारा पीएटी का आयोजन 28 जून को किया गया था। इसके पूर्व व्यापम द्वारा पीएटी 21 जून को आयोजित की जानी थी। इसी तिथि पर नीट की पुनःपरीक्षा होने के कारण व्यापम ने तिथि में बदलाव किया था। विलंब से परीक्षाएं होने के कारण व्यापम द्वारा अब तक इसके परिणाम घोषित नहीं किए जा सके हैं। पीएटी के नतीजे आने के बाद ही बीएससी एग्रीकल्चर का एडमिशन शेड्यूल जारी किया जाएगा।

# बीएससी नर्सिंग प्रवेश के लिए शून्य परसेंटाइल मान्य 15 दिन में पुनः काउंसिलिंग कराने हाईकोर्ट का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीएससी नर्सिंग में वर्ष 2025-26 के दौरान न्यूनतम 10 परसेंटाइल के नियम को बिलासपुर हाईकोर्ट ने गलत करार दिया है। इसके पूर्व शून्य परसेंटाइल के नियम को मान्य करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग को 15 दिन में काउंसिलिंग कराने का आदेश दिया गया है। 10 परसेंटाइल होने की वजह से निजी कालेजों में करीब 35 फीसदी सीटें खाली रह गई थीं।

बीएससी नर्सिंग में प्रवेश प्राप्त नहीं करने वाली कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में चिकित्सा शिक्षा विभाग के 10 परसेंटाइल वाले निर्णय को चुनौती दी थी। पूर्व के सालों में



छात्र हित को ध्यान में रखते हुए शून्य परसेंटाइल यानी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एडमिशन के लिए पात्र माना जाता था। वर्ष 2025-26 में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश के लिए न्यूनतम अंकों का एक दायरा बनाया, जिसमें प्रवेश के लिए 10 परसेंटाइल का मान्य किया गया था। इसकी वजह से बड़ी संख्या में छात्राएं पढ़ाई से वंचित रह गई थीं और प्राइवेट कालेजों में करीब दो हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गई थीं।

### नई काउंसिलिंग की तैयारी

इधर चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग पाठ्यक्रम के आगामी काउंसिलिंग की तैयारी में जुट चुकी है। काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाले संस्थाओं से जानकारी मंगाई जा रही है। संस्था में संचालित पाठ्यक्रम और सीटों के अलावा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी उन्हें नहीं है।

### जानकारी नहीं..

इस तरह के आदेश की जानकारी अभी नहीं मिली है। आर्डर कॉपी के अध्ययन के बाद ही इसमें कुछ बताया जा सकता है।

- डा. यूएस पैकरा, संचालक चिकित्सा शिक्षा

### वंचित वर्ग को फायदा होगा

दस परसेंटाइल से करीबन तीन हजार अभ्यर्थी प्रवेश से वंचित रह गए थे। हाईकोर्ट के इस बड़े आदेश से उन्हें प्रवेश का मौका मिलेगा। इसके नर्सिंग कालेजों की काफी सीटें भर जाएंगी।

**- महेन्द्र चौबे, अध्यक्ष,** प्राइवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़

# भाजपा के प्रकोष्ठों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंचाने का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को समस्त प्रकोष्ठों की प्रदेश कार्यसमिति में प्रदेश संगठन ने सभी प्रकोष्ठों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का जिम्मा सौंपा। इसी के साथ सभी से मिशन 2028 में अभी से जुटने के लिए भी कहा गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सबसे पहले समस्त प्रकोष्ठों के नवनियुक्त संयोजक, सह संयोजक एवं पदाधिकारियों को नवीन दायित्व के लिए बधाई देते हुए कहा, हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव का विषय है कि हम सभी विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं, जिसके करोड़ों सदस्य हैं। इतनी बड़ी कोई दूसरी पार्टी दुनिया



में नहीं है। सबसे बड़ा लोकतंत्र भी हमारा देश है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को आज दुनिया स्वीकार कर रही है। पूरी दुनिया की निगाह भारत पर है। श्री मोदी देश को विकसित बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा करती है, तभी तो देश के 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है। श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा के 61 लाख प्राथमिक सदस्य हैं जिसमें से आप लोगों को यह दायित्व मिला है। विधानसभा चुनाव 2023 में मोदी की गारंटी में किए वादों की चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के अधिकतर वादों को हमने पूरा कर दिया है। हमें जनता तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जाना है और सरकार की समस्त योजनाओं को लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले, इस दिशा में काम करना है।

### भाजपा जनसेवा की भावना से कार्य करती है : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, हम जन सेवा के लिए कार्य करते हैं एवं सरकार में रहकर जन सेवा को ही सर्वोपरि मानते हैं। अन्य दल सरकार बनाने के लिए कुछ भी करते हैं। श्री देव ने कहा, 3 साल में दायित्व बदल जाता है। कोई भी अपनी निष्ठा और परिश्रम के बदौलत भाजपा में किसी भी मुकाम पर पहुंच सकता है। भाजपा का एक छोटा कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री बन सकता है। श्री देव ने कहा, 2028 के चुनाव की तैयारी में आगे बढ़ रहे हैं। यह भाजपा है, जो एक चुनाव खत्म होता है तो हम उसके परिणाम के बाद दूसरे चुनाव की तैयारी में जुट जाते हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठन के विस्तार के लिए कार्य करने एवं सरकार एवं संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

**पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम जोन में चला अभियान**

# स्पॉ सेंटर में पुलिस की दबिश, 10 की जांच, गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्पा सेंटर की आड़ में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम जोन में पुलिस ने सरप्राइज जांच की। यह अभियान डीसीपी संदीप पटेल के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस ने 10 स्पा सेंटर पहुंच कर जांच की। साथ ही दस्तावेजों की पड़ताल की। स्पा सेंटर में सीसीटीवी व्यवस्था और वहां काम करने वाले कर्मचारियों की जानकारी ली गई।

स्पा सेंटर संचालकों को पुलिस ने नियमों का उल्लंघन या किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। स्पा सेंटर की जांच में पश्चिम क्षेत्र के एसीपी के साथ सरस्वती नगर, आजाद चौक और डीडी नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। सरस्वती नगर, आजाद चौक



और डीडी नगर थाना क्षेत्र में चल रहे स्पा सेंटरों की जांच की गई। इस दौरान कर्मचारियों के पहचान पत्र, स्पा में आने वालों का रिकॉर्ड, जरूरी दस्तावेज, लाइसेंस और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी देखी और यह भी पता लगाया कि स्पा सेंटर नियमों के अनुसार चल रहे हैं या नहीं।

### जरूरी निर्देशों का पालन करने हिदायत

जांच के दौरान पुलिस ने स्पा संचालकों को सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने, जरूरी दस्तावेज अपडेट रखने और सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू रखने के निर्देश दिए। सभी स्पा सेंटर के संचालकों को सरकार के तय नियमों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने निर्देश दिए गए। अफसरों के अनुसार शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और स्पा सेंटरों की आड़ में होने वाली किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ऐसे विशेष जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। इससे नियमों का पालन सुनिश्चित होगा और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा।




हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



शिक्षा की अलख जगाने सरोकार से ....

## सिटी लाइव

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू, 31 जुलाई तक नामांकन

**रायपुर।** देश के बच्चों की असाधारण प्रतिभा और अद्वितीय उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तय की गई है। यह भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला एक बेहद प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जो प्रतिवर्ष देश के राष्ट्रपति द्वारा उन बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर देश का गौरव बढ़ाया है।इस पुरस्कार के लिए 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे आवेदन करने के पात्र हैं। बच्चों को उनके द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में किए गए असाधारण कार्यों के लिए नामांकित किया जा सकता है। वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिष्ठित पुरस्कार किया जाएगा।




### स्व-नामांकन की भी सुविधा, केवल ऑनलाइन स्वीकार होंगे आवेदन

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इच्छुक बच्चे खुद भी अपना नामांकन कर सकते हैं। इसके अलावा अभिभावक, विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाएं या कोई भी अन्य व्यक्ति योग्य बच्चों का नामांकन दर्ज करा सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक आवेदक विस्तृत जानकारी और ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **https://awards.gov.in/** पर विजिट किया जा सकता है।

### राज्य शासन ने की अधिकाधिक आवेदन की अपील

*छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिभाशाली बच्चों, उनके माता-पिता और शिक्षण संस्थानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन पुरस्कारों के लिए आवेदन करें। इससे राज्य के होनहार बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा और उपलब्धियों को राष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान मिल सकेगी।*

● एक वर्ष में 90 नई कंपनियां प्लेसमेंट के लिए पहुंचीं, सर्वाधिक 60.3 लाख का पैकेज

# एनआईटी ने बनाया नया रिकॉर्ड, 217 कंपनियों ने दिए 821 ऑफर, 4 वर्षों में सबसे अधिक 74 प्रतिशत यूजी प्लेसमेंट

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी एनआईटी ने वर्ष 2025-26 के कैंपस प्लेसमेंट सत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान के वृत्ति विकास केंद्र प्लेसमेंट सेल की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष कैंपस प्लेसमेंट में 217 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 87 अधिक हैं। इन कंपनियों ने कुल 821 जॉब ऑफर दिए, जिनके आधार पर 738 विद्यार्थियों का एकल ऑफर के आधार पर प्लेसमेंट हुआ। इस सत्र में विद्यार्थियों को मिलने वाला सर्वाधिक वार्षिक पैकेज 60.3 लाख रुपए का रहा।**

**रायपुर।** संस्थान के अनुसार इस वर्ष सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि स्नातक (यूजी) प्लेसमेंट में देखने को मिली। कुल 636 बीटेक और बी.आर्क के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ। पात्र विद्यार्थियों में से 82.9 प्रतिशत को कम से कम एक जॉब ऑफर मिला, जबकि स्नातक प्लेसमेंट दर बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई। यह पिछले चार वर्षों में सबसे बेहतर प्रदर्शन है। स्नातक विद्यार्थियों का औसत वार्षिक पैकेज 12.39 लाख रुपए और मीडियम पैकेज 10 लाख रुपए रहा। कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को डीई शॉ कंपनी से 60.3 लाख रुपए का सर्वाधिक पैकेज प्राप्त हुआ।

### कंपनियां 130 से बढ़कर 217 हो गईं

इस वर्ष प्लेसमेंट के लिए कैंपस में आने वाली कंपनियों की संख्या 130 से बढ़कर 217 हो गई। प्रमुख भर्ती करने वाली कंपनियों में अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, डीई शॉ, ब्लैकरॉक, ओरेकल, वीजा, सैमसंग आर एंड डी, डेलॉयट, एक्सेंचर, एलएंडटी, जेएसडब्ल्यू, वेदांता, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आदित्य बिड़ला समूह सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां शामिल रहीं। संस्थान का कहना है कि उद्योग जगत का बढ़ता विश्वास विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आया है।






### उद्योग जगत के बढ़ते विश्वास का परिणाम

एनआईटी के निदेशक प्रो. एनवी. रमना राव ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान के प्रति उद्योग जगत के बढ़ते विश्वास का परिणाम है। वृत्ति विकास केंद्र के प्रमुख प्रो. समीर बाजपेयी ने कहा कि इस वर्ष रिक्रूटर्स की संख्या अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंची है। प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के प्रोफेसर, प्रभारी प्रो. विवेक कुमार गाबा ने कहा कि मजबूत प्लेसमेंट परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और पूरी प्लेसमेंट टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम हैं। संस्थान आने वाले वर्षों में भी उद्योगों के साथ अपने सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चार वर्षों में प्लेसमेंट का प्रदर्शन

| मापदंड | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|---|---|
| भर्ती करने वाली कंपनियां (पीपीओ सहित) | 125 | 127 | 130 | 217 |
| स्नातक प्लेसमेंट दर (एकल ऑफर) | 72.0% | 69.3% | 62.9% | 74.0% |
| प्लेस हुए स्नातक विद्यार्थी | 693 | 674 | 630 | 636 |
| औसत वार्षिक पैकेज (लाख रुपए) | 11.97 | 10.80 | 13.53 | 12.39 |
| सर्वाधिक पैकेज (लाख रुपए) | 55.0 | 62.0 | 58.0 | 60.3 |

### इस वर्ष 102 विद्यार्थियों का चयन

स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के प्लेसमेंट में भी सुधार दर्ज किया गया। इस वर्ष 102 विद्यार्थियों का चयन हुआ और प्लेसमेंट दर 47.2 प्रतिशत रही, जो पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। पीजी कार्यक्रमों में सर्वाधिक वार्षिक पैकेज 36.48 लाख रुपए रहा, जबकि औसत पैकेज 8.41 लाख रुपए और मीडियम पैकेज 6.60 लाख रुपए दर्ज किया गया। मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन (एमसीए) में 90 में से 72 विद्यार्थियों का चयन हुआ और प्लेसमेंट दर 80 प्रतिशत रही।




### सिविल इंजीनियरिंग में 98 प्रतिशत प्लेसमेंट

शाखावार प्रदर्शन की बात करें तो सिविल इंजीनियरिंग ने 98 प्रतिशत प्लेसमेंट के साथ सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बाद इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 90 प्रतिशत, केमिकल इंजीनियरिंग में 87 प्रतिशत और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 86 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया गया। वहीं कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा मेटलर्जिकल एंड मटेरियल्स इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को भी विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों से अच्छे अवसर मिले। भर्ती आईटी एवं सॉफ्टवेयर, कोर इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स एवं डेटा साइंस, वित्तीय सेवाएं, कंसल्टिंग, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और शिक्षा क्षेत्र में हुई।

## कैंपस लाइव

# जर्मप्लाज्म सेंटर में चावल की 23 हजार 250 परंपरागत किस्में



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की अनुसंधान प्रयोगशालाओं, कृषि अनुसंधान परियोजनाओं एवं इन्क्यूबेशन सुविधाओं का अवलोकन शुक्रवार को कृषि उत्पादन आयुक्त परदेशी सिद्धार्थ कोमल ने किया, साथ ही विश्वविद्यालय में उपलब्ध शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार अधोसंरचनाओं, सुविधाओं तथा गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान विश्वविद्यालय में भारत के सबसे बड़े तथा विश्व के दूसरे सबसे बड़े धान जनन द्रव्य संग्रह का अवलोकन किया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने उन्हें बताया कि इस जर्मप्लाज्म सेंटर में चावल की 23 हजार 250 परंपरागत किस्मों के जनन द्रव्य को संग्रहित तथा संरक्षित किया गया है। इनमें से कई किस्में औषधीय तथा पोषक गुणों से भरपूर हैं। इन किस्मों का उपयोग धान की नई उन्नत किस्मों के विकास के लिए किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां अन्य फसलों की 6 हजार से अधिक किस्मों का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने क्रॉप बायोफोर्टिफिकेशन लैब के अवलोकन के दौरान संजीवनी राइस, जिंको राइस, न्यूट्री रिच राइस जीनोटाइप सहित बम्बू टिश्यू कल्चर को लेकर किए जा रहे नए प्रयोगों को देखा। उन्होंने वहां स्थापित फाइटोसेनेटरी लैब का भी अवलोकन किया। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस अवसर पर संचालक कृषि राहुल देव भी उनके साथ मौजूद रहे। श्री परदेशी ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि एवं किसानों की समृद्धि के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### फसलों के ऊतक प्रवर्धित पौधों में भी रुचि दिखाई

कृषि उत्पादन आयुक्त ने टिशू कल्चर लैब में केला, गन्ना, बांस आदि फसलों के ऊतक प्रवर्धित पौधों में भी रुचि दर्शाई। उन्होंने कृषि संग्रहालय में प्रदर्शित प्रारूपों का भी अवलोकन किया। श्री परदेशी ने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में भारत सरकार द्वारा स्थापित आधुनिक मौसम वेधशाला का भी अवलोकन किया तथा इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां कृषि संग्रहालय तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय हेतु स्थापित विक्रय केंद्र का भी अवलोकन किया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इसके पूर्व इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में हुई बैठक में कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से कृषि उत्पादन आयुक्त के कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न घटकों, अधोसंरचनाओं, शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने किसानों की बेहतरी हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। बैठक में कुलसचिव, संचालक अनुसंधान, निदेशक शिक्षण, निदेशक विस्तार सेवाएं, अधिष्ठाता छात्र कल्याण सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# हाईटेक आंगनबाड़ी का शेड्यूल प्रार्थना-योग से दिन की शुरुआत

**रायपुर।** हाईटेक आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों के लिए महाराष्ट्र मंडल ने संचालन की जिम्मेदारी निभाते हुए प्रतिदिन के लिए शेड्यूल तय किया है। इसकी शुरुआत शुक्रवार को प्रार्थना और योग कराते हुए प्ले स्कूल की दिनचर्या शुरू की गई। बच्चे आंगनबाड़ी यूनिफार्म में पूरे जोश के साथ पहुंच रहे हैं। उनको सुबह 9 बजे प्रार्थना कराई जा रही है। आंगनबाड़ी की प्रभारी डॉ. शुचिता देशमुख ने बताया कि हाईटेक आंगनबाड़ी (प्ले स्कूल) में अब तक 30 बच्चों का एडमिशन हो चुका है। कई और अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश को लेकर हाईटेक आंगनबाड़ी में प्रवेश की नियम-शर्तों की जानकारी ले रहे हैं। निगम की ओर से निर्मित इस हाईटेक आंगनबाड़ी में बीते दिनों नगरीय प्रशासन सचिव संगीता आर. ने बच्चों को यूनिफार्म वितरित किया था।



### शिक्षा और संस्कार के साथ प्ले स्कूल में योग

इसके बाद अब बच्चे ड्रेस कोड को फॉलो करते हुए आंगनबाड़ी पहुंचने लगे हैं। रिमझिम बारिश के बावजूद बच्चों की उपस्थिति प्रतिदिन उत्साहजनक है। हाईटेक आंगनबाड़ी की शिक्षिका मेघा पोतदार ने बताया कि बच्चों को 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव', गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु...' का अभ्यास कराया जा रहा है। वहीं दिन की शुरुआत योग में ऊँ के उच्चारण के साथ कराई जा रही है, ताकि बच्चे शांति और धैर्य से बैठना सीख सकें। लंच के बाद बच्चों को अक्षर ज्ञान भी कराया जा रहा है। इसे और बेहतर करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उनके खेलने के साथ ही शिक्षा और संस्कार देने का प्रयास प्ले स्कूल में किया जा रहा है।

# स्कूली बच्चों के लिए डेंटल कैम्प, 350 ने कराई जांच

**रायपुर।** समाजसेविका एवं कैम्प की आयोजिका इंदिरा जैन के सहयोग और सीता मेमोरियल डेंटल हॉस्पिटल के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर मठपुरैना में बच्चों के लिए निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। सर्वसुविधा युक्त मोबाइल वैन में बच्चों की आधुनिक मशीन द्वारा जांच की गई। इसमें लगभग 350 बच्चों के दांतों की जांच की गई। डॉ. प्रिया सराफ ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई और सही तरीके से ब्रश करने का प्रैक्टिकल भी कराया। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि सुबह और रात में ब्रश करें। भोजन के बाद कुल्ला करें और चॉकलेट, टॉफी जैसी मीठी चीजों को खाने से बचें। विद्यालय में बच्चों एवं शिक्षकों को दंत स्वास्थ्य के प्रति सजग किया गया। आयोजिका ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि वह हर शनिवार बच्चों को व्यक्तिगत सफाई के बारे में भी जानकारी दें।



### शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आयोजन को सराहा

सुश्री सुगंधा जैन और डेंटल हॉस्पिटल की डॉ. प्रिया एवं सभी स्टाफ के सहयोग से यह कैम्प सफल हुआ। जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क उपचार के लिए परामर्श दिया गया। गंभीर मामलों को आगे बढ़ने से बचाने इलाज के लिए चिन्हित किया। आयोजकों ने बताया कि बच्चों में दंत रोगों की रोकथाम के लिए ऐसे शिविर आगे भी किए जाएंगे। जय भारत माता आराधना समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल कर्नावत, सचिव देवेंद्र अग्रवाल एवं राजेंद्र फौजदार विद्यालय की व्यवस्था संभालते है। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं स्थानीय लोगों ने भी इस पहल को बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रशिक्षण

# सीखना तभी प्रभावी होता है, जब विद्यार्थी की सक्रिय सहभागिता हो 50 शिक्षकों ने विज्ञान-गणित की खोजपरक शिक्षण का किया अभ्यास

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ के राज्य परियोजना कार्यालय एवं आईआईटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 50 शिक्षकों ने सहभागिता कर विज्ञान एवं गणित शिक्षण की नवीनतम गतिविधि-आधारित एवं प्रयोगात्मक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। दुर्ग जिले से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हिर्री के शिक्षक मनोज कुमार साहू तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोंहरेंगा के शिक्षक प्रमोद कुमार कुर्रे ने प्रशिक्षण में जिले का प्रतिनिधित्व किया। दोनों शिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान आयोजित सभी शैक्षणिक एवं प्रयोगात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण के दौरान आईआईटी भिलाई के विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा विज्ञान एवं गणित शिक्षण को सरल, रोचक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए अनेक नवाचारी विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। भौतिकी के सत्रों में परावर्तन, अपवर्तन, टिंडल प्रभाव, प्रकाश का प्रकीर्णन जैसी अवधारणाओं को दैनिक जीवन के उदाहरणों एवं प्रयोगों के माध्यम से समझाया गया। साथ ही फेफाक्स मोबाइल एप के माध्यम से मोबाइल फोन को वैज्ञानिक उपकरण के रूप में उपयोग करते हुए विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया।



### गणित शिक्षण पर किया विशेष अभ्यास

गणित के सत्रों में पाइथागोरस प्रमेय की अवधारणा, ज्यामितीय आकृतियों के क्षेत्रफल की तार्किक व्युत्पत्ति, खोजपरक शिक्षण तथा गतिविधि आधारित गणित शिक्षण पर विशेष अभ्यास कराया गया। प्रेरणादायी सत्रों में शिक्षकों को विद्यार्थियों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, तार्किक चिंतन एवं नवाचार की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। खगोल विज्ञान पर आयोजित विशेष व्याख्यान ने ब्रह्मांड एवं अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति शिक्षकों की रुचि को और अधिक समृद्ध किया।

### भौतिकी और रसायन विज्ञान में कराया फ्लेम टेस्ट

प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों ने भौतिकी एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर फ्लेम टेस्ट, सिल्वर एक्सपेरिमेंट, टाइट्रेशन, ऑफ़बाऊ सिद्धांत सहित अनेक वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रोटेक्टर की सहायता से ऊंचाई मापन, जूते के आकार से आयु का अनुमान, गणितीय ट्रिक्स द्वारा जन्मतिथि ज्ञात करना तथा विज्ञान एवं गणित की अनेक सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया कि सीखना तभी प्रभावी होता है जब विद्यार्थी स्वयं सक्रिय रूप से उसमें भाग लेते हैं। प्रशिक्षण के संचालन में समग्र शिक्षा की आयुक्त किरण कौशल, सहायक संचालक मंजूलता साहू, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविंद मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक डीएमसी विनोद सिंह, एपीसी संजय सिंह राजपूत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा अथर्व शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशव पटेल तथा एपीसी राजेश सोनकर का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के उपरांत मनोज कुमार साहू एवं प्रमोद कुमार कुर्रे ने कहा कि आईआईटी भिलाई में प्राप्त ज्ञान, प्रयोगात्मक अनुभव एवं नवाचारी शिक्षण पद्धतियों का उपयोग विद्यालय में प्रभावी ढंग से किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता, रचनात्मकता एवं नवाचार के प्रति रुचि विकसित हो सकेगी। उन्होंने इस प्रशिक्षण को अपने शिक्षकीय जीवन का अत्यंत प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक अनुभव बताते हुए आईआईटी भिलाई एवं समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## समाज लाइव

# बच्चों के हाथ में कार की चाबी है, संस्कार की चाबी खो गई



**रायपुर** आर्य समाज मंदिर में आयोजित पारिवारिक विचार सत्संग में इस बार चर्चा का केंद्र बना बच्चों को कार नहीं, संस्कार दें। यज्ञोपरांत आयोजित सत्संग में बच्चों के संस्कार, परिवार की भूमिका और बदलते सामाजिक वातावरण पर गंभीर, प्रेरक और व्यंग्यात्मक शैली में विचार रखे गए। इस दौरान बताया कि अगस्त से विराट पारिवारिक सत्संग अभियान की शुरुआत की जायेगी। इसके अंतर्गत 40 दिनों तक प्रतिदिन शाम को निशुल्क पारिवारिक सत्संग आयोजित कर यज्ञ, मंत्रपाठ, वैदिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और प्रेरक प्रवचन के माध्यम से समाज में वैदिक जीवन मूल्यों का प्रसार किया जाएगा। मुख्य यजमान देवेंद्र देवांगन और लीजा देवांगन रहे। वैदिक यज्ञ एवं मंत्रोच्चार का संचालन आचार्य अंकित शास्त्री ने किया।

### संस्कार निर्माण के लिए दिए पांच सूत्र

परिवार ही बच्चे की पहली पाठशाला है। यदि घर में बड़ों का सम्मान, भोजन की मर्यादा, सत्य, सेवा, अनुशासन और प्रार्थना का वातावरण होगा, तो वही बच्चे के स्वभाव में उतरेगा। यदि घर में हर समय मोबाइल, जल्दबाजी, चिड़चिड़ापन और असम्मान रहेगा, तो वही उसके व्यवहार का हिस्सा बन जाएगा। उन्होंने संस्कार निर्माण के लिए पांच सूत्र भी दिए। प्रतिदिन परिवार के साथ एक समय भोजन, दिन की शुरुआत प्रार्थना, गायत्री मंत्र या प्रेरक वचन से, बड़ों के प्रति सम्मान का व्यवहार, बच्चों को छोटे-छोटे सेवा कार्यों में लगाना तथा स्क्रीन टाइम सीमित कर परिवार-संवाद को बढ़ाना। हेमा सक्सेना ने कहा कि परिवारों में वैदिक संस्कार, यज्ञ, प्रार्थना और संवाद की परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।

## सिटी लाइव

# छात्राओं को रंग अभियान की दी जानकारी सेनेटरी पैड वितरित कर किया जागरूक



**रायपुर**। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में गठित अनुभूति श्री फाउंडेशन ने अपने 10 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए। इस उपलक्ष्य में संस्था ने महावारी जागरूकता और निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। फाउंडेशन की मुख्य सेवा महिलाओं और बालिकाओं को महावारी के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराना है। जागरुकता अभियान कार्यक्रम रिसाली निगम के अंतर्गत नेवई क्षेत्र के एक सरकारी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। यहां बालिकाओं को महावारी से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी गई और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। संस्था द्वारा चलाई जा रही रंग अभियान के तहत छोटी बच्चियों को भी इस विषय पर जानकारी दी गई।

### 700 ईको फ्रेंडली पैड का वितरण

कार्यक्रम में संस्था द्वारा लगभग 700 नग ईको फ्रेंडली सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया। इससे बालिकाओं को स्वच्छ और सुरक्षित विकल्प मिल सकेगा। माध्यमिक शाला की प्रधानाध्यापिका के देखरेख में ही सभी अध्यापिकाओं और बालिकाओं के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के सदस्य रंजना पटेल, माया कौर, विजया शुक्ला, उषा वेल्ली, डिम्पल कौर, बलविंदर सिंह और परमिंदर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संस्था के सदस्यो ने कहा कि आगे भी महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं जागरूकता के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## धर्म लाइव

# मनुष्य का मन स्वभाव से चंचल जो उसे लक्ष्य से भटकाता है



**रायपुर**। महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन अश्वनी नगर में तीन दिवसीय श्री कथा ज्ञानयज्ञ का समापन हुआ। अंतिम दिवस का शुभारंभ जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की सिद्ध चरण पादुकाओं एवं श्री लीलामृत ग्रंथ का यजमान, पुरोहितों एवं श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं शास्त्रोक्त विधि से पूजन-अर्चन और माल्यार्पण के साथ किया गया। प्रातः प्रारंभ हुए कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने तीर्थक्षेत्र नाणीजधाम का दर्शन किया। इसके पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य से ऑनलाइन नामदीक्षा (नामदान) ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन की ओर अग्रसर होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य ने ऑनलाइन प्रवचन में नामभक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य का मन स्वभाव से चंचल होता है, जो उसे लक्ष्य से भटकाता है। भक्ति के माध्यम से अंतर्मन और बहिर्मन की एकाग्रता बढ़ती है, जिससे निर्णय क्षमता, संयम, विवेक, साहस और सकारात्मक विचारों का विकास होता है।

### अंधकार को दूर करता है अज्ञान

कथाव्यास प्रवचनकार रोहित मोड़े ने लीलामृत ग्रंथ पर आधारित प्रवचन में सद्गुरु के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु वह है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर आत्मज्ञान का प्रकाश प्रदान करता है। सद्गुरु की संगति से मनुष्य के भीतर आध्यात्मिक जागरण होता है और वह सत्य एवं प्रकाश के मार्ग पर अग्रसर होता है। प्रवचन के उपरांत संध्या समय रासलीला, संध्या आरती एवं समापन समारोह का आयोजन होगा। इसके पश्चात विशाल प्रसादी भंडारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान 5 जुलाई से 19 जुलाई तक चल रहे वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत 50 पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया।

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पेन, पेंसिल, कॉपियों के साथ बांट रही बैग और लंच बॉक्स

# शिक्षा की अलख जगाने सरोकार से जुड़ी संस्थाएं निभा रहीं भागीदारी, विद्यार्थियों को दे रहीं स्टेशनरी की मदद

'शिक्षा के लिए जरूरी सामग्री प्रोवॉइड कराने में जाने कितने ही माता-पिता आर्थिक तंगी के कारण असमर्थ होते हैं। छात्र-छात्राओं की विद्यालयीन शिक्षा में किसी तरह का व्यावधान न होने पाए, इसलिए संस्थाओं से जुड़े लोग स्टेशनरी सामग्री से सजाए गए किट भी डोनेट करते हैं। कुछ संस्थाएं ऐसी हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग के साथ अध्ययन के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करती हैं। इसके लिए संस्था से जुड़े लोग सरकारी स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के माध्यम से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं का चयन करते हैं।'



### बेटे-बेटियों को स्टेशनरी और फ्री कोचिंग

अमलीडीह में एक ऐसी संस्था काम कर रही है, जिसने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी, इंग्लिश मीडियम में पढ़ने वालों से पीछे न रह जाएं, इसलिए किराए पर मकान लेकर तीन साल से फ्री कोचिंग करा रही है। तीन साल से यह सिलसिला चल रहा है। सुबह और शाम की पाली में 50 विद्यार्थियों फ्री कोचिंग देने के लिए तीन शिक्षक-शिक्षिकाओं को जिम्मेदारी दी है। सुधा सोसायटी फाउंडेशन के संस्थापक जीके भटनागर ने बताया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों का जीवन संवारने का दायित्व निभाते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को हर साल 5-5 कॉपी, स्कूल बैग, पानी बोतल सहित पेन, पेंसिल और ड्राइंग सिट प्रोवॉइड कराते है, ताकि माता-पिता की आर्थिक कमजोरी उनके बेटे-बेटियों की शिक्षा में रोड़ा न बनने पाए।

**रायपुर**। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को किताबें एवं निशुल्क शिक्षा देने का दायित्व सरकारी निभाती हैं। प्राथमिक शिक्षा को प्रमोट करने के लिए गणवेश का वितरण भी किया जाता है, लेकिन इसके बाद भी शिक्षा के लिए जरूरी सामग्री में शामिल स्टेशनरी, स्कूल बैग, पानी बोतल और लंच बाक्स विद्यार्थियों को उनके माता-पिता नहीं दे पाते हैं। इसे प्रोवाइड कराने के लिए सरोकार से जुड़ी संस्थाएं हर साल आगे आती हैं। कई संस्थाएं ऐसी भी हैं, जो शिक्षक-शिक्षिकाओं से जानकारी लेने के बाद प्रभावित छात्र-छात्राओं को स्कूल में ही नहीं, बल्कि घर पहुंचकर उनके माता-पिता को अध्ययन सामग्री देती हैं, ताकि बच्चों को प्राथमिक शिक्षा मिल सके।






### यूनाइटेड हैंड फॉर चेंज के मेंबर्स की पहल

सोनम श्रीवास्तव ने बताया कि एक शिक्षिका होने की वजह से मैने महसूस किया कि हर साल जाने कितने ही बेटे-बेटियों को सरकारी स्कूलों में पर्याप्त स्टेशनरी के अभाव में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसका समाधान करने के लिए यूनाइटेड हैंड फॉर चेंज नाम की संस्था बनाने के बाद सरोकार से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का प्रयास शुरू किया। सालभर में डेढ़ सौ से ज्यादा जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी किट उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करते हैं, ताकि माता-पिता की आर्थिक तंगी के चलते बेटे-बेटियों की प्राथमिक एवं विद्यालयीन शिक्षा को प्रभावित होने से बचाया जा सके। किट में स्कूल बैग, 4-4 कॉपियां, पेन-पेंसिल के साथ टिफिन बॉक्स और पानी बोतल को भी शामिल करते हैं।

### शिक्षा का स्तर सुधारने बांट रहे सामग्री

शकुंतला फाउंडेशन की प्रमुख स्मिता सिंह ने बताया कि 20 साल पहले एक ऐसे बच्चे से सामना हुआ, जिसके माता-पिता नहीं थे।गार्जियन का दायित्व निभाने वाले रोटी-मजदूरी करके सिर्फ भरण-पोषण कर पाते थे। तब बच्चे का शाला में प्रवेश कराने के लिए सरकारी स्कूल जाने पर पता चला कि ऐसे भी बेटे-बेटियां हैं, जिनके पास स्कूल बैग, लंच बॉक्स सहित जरूरी स्टेशनरी का अभाव होता है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा प्रभावित न होने पाए, इसलिए स्टेशनरी बांटना शुरू किया। हर साल 100 बच्चों को जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने का दायित्व संस्था के माध्यम से निभा रहे हैं। यह समस्या अब ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा देखने को मिलती है, इसलिए मनेंद्रगढ़ और बस्तर क्षेत्र में शिक्षा का स्तर सुधारने अध्ययन सामग्री बांटते हैं।

इंडोर स्टेडियम में गूंजे कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के प्रवचन

# मनुष्य अपने कर्मों से ही बनाता है अपना वर्तमान और भविष्य

**रायपुर**। इंडोर स्टेडियम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन देवकीनंदन ठाकुर महाराज प्रेरक बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ध्रुव ने मात्र पांच वर्ष की आयु में भगवान को पा लिया था। भगवान की भक्ति करने के लिए किसी विशेष आयु की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। बचपन, युवावस्था या वृद्धावस्था में हर समय ईश्वर का स्मरण और भक्ति मनुष्य के जीवन को पवित्र, शांत और आनंदमय बनाती है। जो व्यक्ति समय रहते भगवान से जुड़ जाता है, उसका जीवन सही दिशा प्राप्त करता है। भक्ति केवल वृद्धावस्था का विषय नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षण का आधार है। जितनी जल्दी मनुष्य भगवान के नाम, सत्संग और सेवा से जुड़ता है, उतना ही उसका जीवन सार्थक और सफल बनता है। राजा बलि एक अत्यंत शक्तिशाली और दानी असुर राजा थे, जिन्होंने अपने पराक्रम से तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया था। उनके अहंकार को समाप्त करने और देवताओं के कल्याण के लिए भगवान विष्णु ने वामन रूप में अवतार लिया। वामन भगवान एक छोटे से ब्राह्मण बालक के रूप में राजा बलि के यज्ञ में पहुंचे और उनसे केवल तीन पग भूमि का दान माँग कर उनका अंहकार को खत्म किया । यह प्रसंग हमें यह सिखाता है कि अहंकार का अंत निश्चित है और सच्ची भक्ति, दान और सत्य ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा दिलाते हैं।




### भगवान किसी के साथ अन्याय नहीं करते

*भागवत कथा सबसे बड़ा विश्वविद्यालय और औषधालय है, इसमें भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और कर्म सभी का समन्वय मिलता है।श्रीमद्भागवत से बड़ा ज्ञान संसार में कहीं और नहीं मिलता, क्योंकि यह मनुष्य को केवल बाहरी जानकारी नहीं देता, बल्कि उसे आत्मा की गहराइयों से जोड़कर परम सत्य और भगवान की भक्ति की ओर अग्रसर करता है। यह कथा जीवन के दुखों, तनाव और भटकाव को दूर कर मनुष्य को शांति, संतुलन और आध्यात्मिक आनंद प्रदान करती है। मनुष्य अपने कर्मों से ही अपना वर्तमान और भविष्य बनाता है। भगवान किसी के साथ अन्याय नहीं करते; वे केवल प्रत्येक व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। इसलिए जीवन में सदैव सत्य, धर्म, दया, सेवा और सदाचार का मार्ग अपनाना चाहिए। अच्छे कर्म सुख, शांति और ईश्वर की कृपा का मार्ग खोलते हैं, जबकि बुरे कर्म अंततः दुख, अशांति और पछतावे का कारण बनते हैं। यदि हम चाहते हैं कि हमारे जीवन में प्रेम, सम्मान और सुख आए, तो हमें दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करना होगा।आज लोग मनोरंजन के लिए घंटों पहले सिनेमाघर पहुंच जाते हैं, लेकिन जब बात भगवान की कथा, सत्संग और भक्ति की आती है, तो अक्सर लोग देर से पहुंचते हैं। भागवत कथा के आयोजक ने बताया कि कथा में शुक्रवार को राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने पधारकर व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा श्रवण का लाभ लिया।*

# भगवान विष्णु के दस अवतारों को योग की मुद्राओं में किया प्रदर्शित



**रायपुर**। सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में योगाचार्यों सम्मान समारोह एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत विकास परिषद मुख्य शाखा रायपुर द्वारा किया गया। शहर के 90 वार्डों में योग प्रशिक्षकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए योग आयोग के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से सभी वार्डों में योग प्रशिक्षकों का सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुक्रवार को इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग आयोग रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद रायपुर मुख्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा माता सरस्वती के प्रतिमा को माल्यार्पण के साथ हुई। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार गुरुवंदना, गायत्री मंत्र, गीता श्लोक का पाठ किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा वंदेमातरम का गान प्रस्तुत किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार और योग के विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा भी योग की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन करते हुए भगवान विष्णु के दस अवतारों का योग की मुद्राओं के साथ प्रदर्शन काफी आकर्षक रहा।

### अतिथियों ने रोपे सागौन के 100 वृक्ष

सभी वार्डों के योग प्रशिक्षकों, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि द्वारा सागौन से 100 वृक्ष लगाकर एक पेड़ मां के नाम को साकार किया गया। उपस्थित सभी लगभग 80 योग प्रशिक्षकों को सम्मानित करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. अर्चना मिश्रा, एडिशनल प्रिंसिपल शुभम मिश्रा, हेड मिस्ट्रेस योग विभाग की प्रमुख शिक्षिका सरोज साहू, सत्यभामा शर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बूढ़ापारा स्थित श्री बाबा अमरनाथ सेवा समिति ने निभाई 50 श्रद्धालुओं के भोजन और नाश्ते की जिम्मेदारी

# अमरनाथ यात्रा करके लौटा श्रद्धालुओं का पहला जत्था जम्मू और कश्मीर के सभी तीर्थस्थलों में किया दर्शन

कार्नर न्यूज

**रायपुर**। बाबा बर्फानी की आस्था से जुड़े लोगों को हर साल जून और जुलाई में मिलने वाले अमरनाथ यात्रा के खास अवसर का इंतजार होता है। इस सीजन में राजधानी से पहला जत्था 30 जून को दुर्ग जम्मूतवी से रवाना हुआ था। शुक्रवार को श्रद्धालुओं का जत्था रायपुर लौटा। इस अवसर पर श्री बाबा अमरनाथ सेवा समिति की पहल पर 32वें वर्ष शामिल 50 यात्रियों का स्वागत रेलवे स्टेशन पर किया गया। समिति के प्रमुख गंगा प्रसाद यादव ने बताया कि जत्थे में शामिल प्रत्येक सदस्य के मेडिकल चेकअप के बाद यात्रा के दौरान भी दो जगह पंजीयन कराना होता है। इसका दायित्व निभाते हुए जत्थे में शामिल भक्तों के लिए प्रतिदिन नाश्ते, भोग-प्रसादी की व्यवस्था समिति ने दिया। इसके लिए तीन युवाओं की टीम बनाई गई थी। जिनके सहयोग से सभी भक्तों को जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया।



### समिति ने सभी श्रद्धालुओं का बनवाया कार्ड

समिति ने सभी 50 श्रद्धालुओं को पहलगाम और बालटाल पाइंट पर मेडिकल पंजीयन कराने और आरएफडी कार्ड दिलाने में सहयोग किया। श्री यादव ने बताया कि इस बार भी अलग-अलग समय पर लोगों को तय रूट के अनुसार जरूरी सहयोग देने के लिए मेंबर्स ने सहभागिता निभाई। पहले जत्थे ने बाबा बर्फानी का अलौकिक दर्शन किया। पैदल यात्रा में तीन दिन लगते हैं। लौटते समय जानकारी मिली थी, बाबा बर्फानी अंतर्ध्यान हो गए हैं। ऐसा विगत कई सालों से हो रहा है। दर्शन स्थल से तीन किलोमीटर पहले तक सजने वाली दुकानों को हटाया गया है। यात्रा के दौरान सेना ने सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी। आतंकवादियों के गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्र में दर्शनार्थियों को सेना का सहयोग मिला।

### इन तीर्थस्थलों का श्रद्धालुओं ने लिया लाभ

जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी का दर्शन करने के साथ ही जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में स्थित शिव खोड़ी, भवानी माता सहित श्री वैष्णव माता, शंकराचार्य और रघुनाथ मंदिर में आराध्य देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य प्राप्त किया। इसके लिए जत्थे में शामिल सभी श्रद्धालुओं से बात करके प्लानिंग किया गया था। इसका पालन करते हुए सभी भक्तों ने इस बार भी 11 दिनों में आस्था से जुड़े पवित्र स्थल का भ्रमण किया। यात्रा में शामिल किसी भक्त को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या होने पर इसकी जानकारी परिवार के लोगों को देने के लिए संबंधित किसी एक व्यक्ति का मोबाइल नंबर लिया जाता है। सुरक्षा और जरूरत के लिहाज से यह यात्रा का हिस्सा होता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर 19 हाई परफार्मेंस कैंप के लिए छत्तीसगढ़ से चुनी गई महक



**रायपुर।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति द्वारा बीसीसीआई सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के अंडर 19 (महिला वर्ग) हाई परफारमेंस कैंप 2026 हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का चयन किया गया है। यह कैंप 20 जुलाई से 19 अगस्त तक बैंगलुरु में आयोजित किया जायेगा। इसके पूर्व अप्रैल में भी महक नरवसे ने सेन्टर ऑफ एस्सीलेंस बैंगलुरु में एलिट कैंप में भाग लिया था, जिसके बाद गत माह महक का चयन श्रीलंका के विरुद्ध खेले गये टी 20 तथा वनडे सीरीज हेतु भारतीय अंडर 19 टीम में किया गया। उक्त खिलाडी बीसीसीआई के विषेशज्ञों के अधिन प्रषिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा षारिरिक प्रषिक्षण भी सम्मिलित है।

### आयुष ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

**कुम्हारी।** विचक्षण जैन विद्यापीठ, कुम्हारी के छात्र आयुष यादव (कक्षा 8वीं) ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। आयुष ने दुर्ग (बोरसी) में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयुष यादव ने अपने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



### रोमानिया मुक्केबाजी में रैफरी बने तीरथ

**भिलाई।** रोमानिया में गोल्डन बेल्ट आमंत्रण मुक्केबाजी प्रतियोगिता 9 से 18 जुलाई तक होने जा रही। इस प्रतियोगिता हेतु रेफरी/जज हेतु छत्तीसगढ़ राज्य से एशियन कांफ्रेडशन रेफरी/जज तीरथ राउत को को बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा मनोनीत किया गया है।तीरथ राउत इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 8जुलाई को रवाना हो चुके है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य मुक्केबाजी संघ के सभी पदाधिकारियों बधाईया दी। इस आशय की जानकारी आर राजेंद्रन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संघ ने दी है।



### स्पेशल ओलंपिक्स यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए पुलक का चयन



**रायपुर।** यूनिफाइड पार्टनर पुलक देव गौतम का चयन स्पेशल ओलंपिक्स यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप पेरिस–2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। वे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि यूनिफाइड फुटबॉल, स्पेशल ओलंपिक्स की एक समावेशी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें बौद्धिक दिव्यांग खिलाड़ी (स्पेशल एथलीट) और सामान्य खिलाड़ी (यूनिफाइड पार्टनर) एक ही टीम में मिलकर खेलते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खेलों के माध्यम से समान अवसर, सहभागिता और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। पेरिस रवाना होने से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों, यूनिफाइड पार्टनर्स और प्रशिक्षकों के सम्मान में मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक्स भारत, छत्तीसगढ़ के एरिया डायरेक्टर डॉ. प्रमोद तिवारी ने पुलक देव गौतम को शुभकामनाएं दी है।

### बदलती लाइफ स्टाइल का सीधा असर होता है आपकी हडि्डयों में

# इन बातों पर कम उम्र से ही दे लिया ध्यान तो 'स्टील स्ट्रॉन्ग' बनी रहेंगी आपकी हड्डियां, जान लीजिए राज

आजकल के भागदौड़ भरे जीवन, फास्ट फूड की आदत, धूप से दूरी, घंटों बैठकर काम करना और व्यायाम की कमी की वजह से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कम उम्र में ऑस्टियोपोरोसिस, जोड़ों में दर्द, कमर और पीठ की तकलीफ आम हो गई है। इससे कैसे बचें?

क्या आप जानते हैं कि हमारी हड्डियां हर दिन बदलती हैं? बचपन में ये तेजी से बढ़ती हैं, युवावस्था में मजबूत होती हैं और उम्र बढ़ने पर धीरे-धीरे कमजोर होने लगती हैं। यही कारण है कि 40 की उम्र आते-आते हड्डियों से संबंधित दिक्कतें आपको परेशान करने लग जाती हैं। अब तो कई मामले ऐसे भी देखे गए हैं जिनमें 20 की उम्र के लोग भी हड्डियों से संबंधित दिक्कतों से परेशान देखे जा रहे हैं।

हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम सबसे जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसके लिए कम उम्र से ही आहार में कैल्शियम से भरपूर चीजों- जैसे डेयरी उत्पाद, हरी पत्तेदार सब्जियों, मछलियों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।

पर क्या आप जानते हैं कि सिर्फ कैल्शियम का सेवन करना ही हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए काफी नहीं है। कैल्शियम के अलावा कई अन्य पोषक तत्व और लाइफस्टाइल में सुधार भी आपके लिए जरूरी है।



## हड्डियों को कैसे बनाएं 'स्टील स्ट्रॉन्ग'?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आजकल के भागदौड़ भरे जीवन, फास्ट फूड की आदत, धूप से दूरी, घंटों बैठकर काम करना और व्यायाम की कमी की वजह से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कम उम्र में ऑस्टियोपोरोसिस, जोड़ों में दर्द, कमर और पीठ की तकलीफ आम हो गई है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों में यह खतरा ज्यादा देखा जाता है। लेकिन चिंता मत कीजिए, कुछ सरल आदतें अपनाकर और जरूरी पोषक तत्वों को अपने आहार में शामिल करके आप अपनी हड्डियों को 'स्टील स्ट्रॉन्ग' बनाए रख सकते हैं।

## हड्डियों की मजबूती के लिए क्या खाएं



हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम वाली चीजें जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ, हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे ब्रोकली और पालक, सोया और टोफू के साथ मछलियों को आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। इसके साथ कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने के लिए फैटी फिश, अंडे की जर्दी और मशरूम का सेवन करना चाहिए।

विशेषज्ञों ने बताया बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत हड्डियों के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी का संतुलन बनाकर रखा जाना चाहिए।

## प्रोटीन वाली चीजें खाएं

हड्डियों का मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन्स के साथ-साथ प्रोटीन वाली चीजें भी जरूरी हैं। हड्डियों के टिशू और मांसपेशियों की मरम्मत और वृद्धि में प्रोटीन मदद करता है। डेयरी उत्पाद, अंडे, नट्स, और बीन्स अच्छे प्रोटीन स्रोत हैं।

इसके अलावा मैग्नीशियम हड्डियों में कैल्शियम के स्तर को नियंत्रित करता है और पोटैशियम हड्डियों में मिनरल्स को बनाए रखने में मदद करता है। ये तत्व हरी पत्तेदार सब्जियों, नट्स, और फलियों में मिलते हैं। आहार में इसकी मात्रा जरूर सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



## लाइफस्टाइल रखें ठीक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हड्डियों से संबंधित समस्याओं के खतरे को कम करने के लिए आहार के साथ-साथ लाइफस्टाइल को ठीक रखना भी जरूरी है। हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए जीवनशैली में भी सुधार करें। धूम्रपान और अत्यधिक शराब के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि ये हड्डियों को कमजोर कर सकती हैं। शारीरिक निष्क्रियता भी हड्डियों की कमजोरी और इससे संबंधित समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती है।

विटामिन-डी के बिना शरीर कैल्शियम का सही से उपयोग नहीं कर पाता। इसके लिए रोज सुबह की धूप (10-15 मिनट) लें या डॉक्टर की सलाह से सप्लीमेंट्स लें। अधिक कैफीन और कोल्ड ड्रिंक्स कैल्शियम के अवशोषण में बाधा डालते हैं।

# किचन में टाइल्स लगाने से पहले लें वास्तु की सलाह

घर की किचन में टाइल्स के कलर को लेकर कन्फ्यूज हैं, तो ऐसे में आप वास्तु के अनुसार कलर चुनें। इससे आपकी घर का वास्तु अच्छा बना रहेगा। साथ ही, आपके घर में बरकत बनी रहेगी।

## बेज कलर की टाइल्स को किचन में लगवाएं

आप अपनी किचन के वास्तु को अच्छा रखना चाहते हैं, तो ऐसे में आप बेज कलर का ज्यादा इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इस रंग से आपकी किचन में लाइट बनी रहती है। साथ ही, आपकी किचन में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। इसलिए आपको ज्यादातर इस कलर की टाइल्स का इस्तेमाल करें। इसमें आप लाइट कलर का इस्तेमाल अच्छे से करें।

## ब्राउन कलर की टाइल्स लगाएं

किचन के वातावरण को पॉजिटिव बनाने के लिए आप ब्राउन कलर की टाइल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्राउन कलर की टाइल्स से आपके घर का वातावरण बदल जाएगा। साथ ही, रंगों को देखकर आपके घर में बने खाने से हर किसी का मन अच्छा लगेगा। इसके लिए आप लाइट ब्राउन कलर या ऑफ ब्राउन कलर को चूज करें। इससे आपकी किचन का ओरा बदल जाएगा।

इसके लिए सही कलर को चूज करना है, ताकि आपके घर की किचन का वातावरण सही रहे। जब भी किचन में टाइल्स लगाएं तो एक ही रंग की लगाएं। टाइल्स को हमेशा प्लेन डिजाइन में खरीदें, ताकि आपकी किचन अच्छी लगे।



# सिर्फ मसल्स बनाने ही प्रोटीन की जरूरत नहीं और भी हैं इसके काम

हम सभी प्रोटीन के बारे में जानते हैं। प्रोटीन मसल्स, स्किन, बालों और नाखूनों के साथ-साथ एंटीबॉडीज, हार्मोन और सेलुलर स्ट्रक्चर्स का एक महत्वपूर्ण कंपोनेंट है। विज्ञान यह कहता है कि कोई भी व्यक्ति यह सुनिश्चित नहीं कर सकता कि वो कितना कार्बोहाइड्रेट कंज्यूम सकता है। इस मामले में प्रोटीन सबसे आम मैक्रोन्यूट्रिएंट के रूप में सामने आता है।

हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रोटीन केवल मसल्स के डेवलपमेंट में मदद करता है। हमारा शरीर प्रोटीन को अमीनो एसिड में तोड़ देता है और मसल्स के रिस्टोरेशन और रिकंसट्रक्शन के लिए अमीनो एसिड का उपयोग करता है। लेकिन कई लोगों का यह मानना है कि प्रोटीन सिर्फ मसल्स के निर्माण से ज्यादा कुछ नहीं करता है।

प्रोटीन तीन प्राइमरी फूड ग्रुप्स में से एक है और अमीनो एसिड से बना है, जो ₹बिल्डिंग ब्लॉक्स₹ सेल्स के रूप में काम करता है। इन सेल्स को अपने विस्तार और मरम्मत के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है।

अपनी डाइट में प्रोटीन जोड़ने के कुछ नैचुरल सोर्स भी हैं।



मछली, मुर्गी, अंडे, फलियां और डेयरी प्रोडक्ट जैसे खाद्य पदार्थ प्रोटीन से भरे होते हैं और इन्हें हम अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं। हम आपको कुछ जबरदस्त प्रोटीन रिच स्नैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं

प्रोटीन मसल्स के लिए बेहद फायदेमंद है। यह महत्वपूर्ण घटक आपके शरीर ये जुड़े सभी दैनिक कार्यों और उपयोगों के लिए आवश्यक है। आपको कितनी मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, इस बारे में मिथकों और धारणाओं के बावजूद, आपको अपने प्रोटीन इनटेक का बाकी न्यूट्रिशनल इनटेक के साथ मिलान करना महत्वपूर्ण है।

बहुत से लोग प्रोटीन को मसल्स मास के साथ भी जोड़ते हैं। प्रोटीन और अमीनो एसिड आपके शरीर में मसल्स के टिश्यूज का निर्माण करते हैं। साधारण भाषा में कहें तो यदि आपकी मसल्स एक इमारत हैं, तो ईंटें प्रोटीन हैं।

आपका शरीर कई प्रकार के अमीनो एसिड का निर्माण करता है। लेकिन 9 अन्य आवश्यक अमीनो एसिड भी होते हैं और उनका निर्माण शरीर में नहीं होता है।

# सब्जी में हो गया ज्यादा तेल तो कटोरी वाला हैक आएगा काम

अक्सर जब हम सब्जी या ग्रेवी बनाते हैं, तो अंदाजे से डाला गया तेल पकने के बाद ज्यादा दिखने लगता है। सब्जी में तेल ऊपर से दिखने लगे, तो उसे खाने का मन किसी का भी नहीं करेगा। सब्जी का स्वाद खराब किए बिना आप उसमें तेल को निकाल सकती हैं।

## कटोरी वाला हैक

यह सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका एक बेहद स्मार्ट और आसान हैक है, जिसे आप ग्रेवी वाली सब्जियों से तेल बगैर किसी हाई-फाई टूल कर सकती हैं। कैसे करें:जब आपकी सब्जी या ग्रेवी पूरी तरह पक जाए और ऊपर तेल की एक परत तैरने लगे, तो एक छोटी स्टील या एल्यूमीनियम की कटोरी लें।

इस कटोरी को उल्टा करके धीरे-धीरे सब्जी के ऊपर रखें और हल्का-सा दबाएं।

उल्टी कटोरी की बाहरी सतह पर तैरता हुआ तेल चिपकने लगता है और कुछ ही सेकंड में आपको उसका असर दिखने लगेगा।

लगभग 10–15 सेकंड बाद कटोरी को निकालें और एक कटोरी या प्लेट में वह तेल गिरा दें।

यह प्रक्रिया तब तक दोहराएं जब तक कि एक्सेस ऑयल हट न जाए। अगर आप कटोरी को पहले कुछ मिनटों के लिए फ्रिज में ठंडा कर लें, तो उसका ठंडा मेटल तेल को और तेजी से खींच लेता है। इससे यह ट्रिक और कारगर हो जाती है।

## बर्फ से हटाएं एक्सेस ऑयल

अगर आप कटोरी का झंझट नहीं करना चाहते हैं, तो कोई बात नहीं। आप फ्रिज से आइस क्यूब्स लेकर उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यह भी उपयोगी हैक है-




**कैसे करें:** एक साफ मलमल या कॉटन के कपड़े को लें और उसमें 2–3 बर्फ के टुकड़े लपेटें। अब इस बर्फ-लपेटे कपड़े को सब्जी की सतह पर हल्के-हल्के चलाएं।बर्फ की ठंडक से ऊपर तैर रहा तेल धीरे-धीरे जमने लगता है और कपड़े से चिपक जाता है। आप देखेंगे कि सब्जी के ऊपर तेल नहीं तैरेगा।

## पेपर टॉवल ट्रिक से हटाएं तेल

अगर आपके पास कम समय है और सब्जी पर तेल बहुत ज्यादा है, तो यह सबसे तेज और आसान तरीका है। आप तेल निकालने के लिए पेपर टॉवल का उपयोग कर सकते हैं।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' का ट्रेलर रिलीज, रहस्यमयी बदलाव से जूझते दिखे पार्कर



'स्पाइडर-मैन' के फैंस का इंतजार कुछ हद तक खत्म हो गया है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फिल्म का नया ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें मार्क रफालो को ब्रूस बैनर (जिन्हें हल्क के नाम से भी जाना जाता है) के रोल में वापसी करते हुए दिखाया गया है। दो मिनट 39 सेकंड के इस ट्रेलर में टॉम हॉलैंड के पीटर पार्कर के लिए एक नई चुनौती का संकेत मिलता है, जो किसी रहस्यमयी बदलाव से जूझते हुए दिख रहे हैं। इस नए ट्रेलर में पीटर कहते हैं, 'मेरे साथ क्या हो रहा है? मैं अपना आपा खो रहा हूं। मेरा खुद पर कोई कंट्रोल नहीं है और मुझे अभी इस चीज को ठीक करना होगा।' यहीं से शुरू होती है फिल्म की असली कहानी। जवाब पाने के लिए पीटर मार्क रफालो के निभाए किरदार ब्रूस बैनर के पास जाते हैं। ट्रेलर के एक अहम हिस्से में बैनर बताते हैं कि उन्होंने बदलते डीएनए को रोकने का एक तरीका खोज लिया है और पीटर को एक डिवाइस दिखाते हैं जो उन्हें अपनी हालत को कंट्रोल करने में मदद करता है। वह मजाक में पीटर को चेतावनी देते हैं कि अगर वह कभी उन्हें उस डिवाइस के बिना देखें, तो उन्हें भाग जाना चाहिए। ट्रेलर में बाद में बैनर को स्पाइडर-मैन के सामने हल्क में बदलते हुए दिखाया गया है। यह इस फ्रैंचाइजी में हॉलैंड के पीटर पार्कर के साथ रफालो की पहली एंट्री है। डेस्टिन डैनियल क्रेटन के निर्देशन और क्रिस मैककेना व एरिक सोम्मर्स की लिखी 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## दुलकर ने राज खोला नई फिल्म के टाइटल का, पूजा के साथ दिखे रोमांटिक अंदाज में



दुलकर सलमान ने अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल रिवील कर दिया है। उन्होंने फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया है। उनके साथ इस फिल्म में पूजा हेगड़े भी होंगी। साउथ के बेहतरीन अभिनेता दुलकर सलमान जल्द ही पूजा हेगड़े के साथ एक फिल्म में रोमांटिक रोल में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने हाल ही में एक ऑफिशियल पोस्टर के साथ फिल्म के टाइटल का भी एलान किया है। दुलकर सलमान और पूजा हेगड़े की यह आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म का आधिकारिक टाइटल 'श्री श्री' है, जिसे पहले अस्थायी रूप से 'डीक्यू41' के नाम से जाना जा रहा था। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है जिसका निर्देशन डेब्यू डायरेक्टर रवि नेलाकुदिति कर रहे हैं। फिल्म के पोस्टर में देखा जा सकता है कि दुलकर सलमान और पूजा हेगड़े कॉलेज यूनिफॉर्म में एक दीवार पर बैठे हैं। दुलकर का शर्मीलापन और पूजा की खुशी इस फर्स्ट लुक में दिलचस्पी पैदा कर रही है।पोस्टर में मुख्य जोड़ी की केमिस्ट्री बहुत नैचुरल तरीके से दिखाई गई है। इस फिल्म को रवि नेलाकुदिटी लिख और डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म को सुधाकर चेरुकुरी प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस पैन-इंडिया फिल्म की शूटिंग अभी विदेशों में चल रही है। जीवी प्रकाश कुमार इसका म्यूजिक बना रहे हैं। यह दुलकर की 41वीं फिल्म है। इसे तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज किया जाएगा।

दुलकर सलमान ने अपने एक्स हैंडल पर फिल्म का यह फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है।फिल्म का शीर्षक और पोस्टर साझा करते हुए दुलकर सलमान ने लिखा, ₹श्री श्री के साथ प्यार थोड़ा और खास महसूस होगा।₹ मुख्य भूमिकाओं के अलावा फिल्म में दीक्षित शेट्टी भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। दुलकर सलमान जल्द ही मलयालम फिल्म 'आई एम गेम' में भी दिखाई देंगे, जो 20 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन नाहस हिदायत ने किया है, जबकि इसका निर्माण दुलकर सलमान और जोम वर्गीज ने वेफेयर फिल्म्स के बैनर तले किया है। 'आई एम गेम' के जरिए दुलकर सलमान 2023 में रिलीज हुई 'किंग ऑफ कोठा' के बाद मलयालम सिनेमा में वापसी कर रहे हैं। 'किंग ऑफ कोठा' का निर्देशन अभिलाष जोशी ने किया था और यह उनकी पहली निर्देशित फिल्म थी।

### भोजपुरी

## 'मोर मईके' का हुआ मुहूर्त, प्रदीप-उपासना का सीन शूट



**भिलाई ।** उज्जल फिल्म के बैनर तले बनने वाली एवं छॉलीवुड के सुप्रसिद्ध कैमरामैन दिनेश ठक्कर दादा द्वारा निर्मित एवं निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'मोर मईके' का रायपुर के इन्द्रप्रस्थ फेस 1 के शिव मंदिर में मुहूर्त किया गया। मुहूर्त के साथ ही फिल्म की शूटिंग भी प्रारंभ हो गई। फिल्म का पहला सीन छॉलीवुड के जाने माने अभिनेता प्रदीप शर्मा एवं सुप्रसिद्ध अभिनेत्री उपासना वैष्णव के साथ शूट किया गया। फिल्म के निर्माता निर्देशक एवं कैमरामैन दिनेश ठक्कर ने बताया कि फिल्म की अधिकांशतर शूटिंग प्रदेश के गरियाबंद के मनोरम दृश्यों में की जाएगी। इस दौरान छॉलीवुड अभिनेता योगेश अग्रवाल, अमरदास लहरे, एक्टर डायरेक्टर राजेश नायक, शमशीर सिवानी, पुष्पेन्द्र सिंह, एक्टर जॉनी, एक्टर वर्मा,फिल्म के आर्ट डायरेक्टर करीमुल्लाह खान, प्रोडक्शन मैनेजर चोवाराम साहू और कोरियोग्राफर दिलीप बैस सहित बड़ी संख्या में छॉलीवुड से जुडे लोग शामिल हुए।

### टिकाऊ फैशन

सस्टेनेबल (टिकाऊ) फैशन की चाहत हर डिजाइनर को होती है। आस्ट्रेलिया के ब्राइटन हब में फ्लैश मॉब कैटवॉक शो के दौरान जीन्स से बनी ड्रेस पहने एक मॉडल इसी टिकाऊ फैशन का संदेश दे रही है । यह 'सस्टेनेबल फैशन वीक' लोगों की बदलती सोच का फ़ायदा उठा रहा है। सैकड़ों लोग ऐसे इवेंट्स में शामिल हुए जहाँ उन्हें अपने कपड़े पहनने और चुनने के तरीकों को बेहतर बनाने के बारे में जानकारी दी गई। इस इवेंट में कई तरह के रनवे शो, बातचीत और मास्टरक्लास मुख्य आकर्षण रहे।

-

### लाइफ स्टाइल



## मुल्तानी मिट्टी से जुड़े मिथक हैं चलन में, जान लें सच्चाई

मुल्तानी मिट्टी को स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन अक्सर लोग इससे जुड़े मिथक को सच मानकर अपनी स्किन को नुकसान पहुंचा लेते हैं। जानिए ऐसे ही कुछ मिथक। आज के समय में हम सभी अपनी स्किन की केयर करने के लिए नेचुरल इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करना काफी पसंद करते हैं। इन्हीं नेचुरल इंग्रीडिएंट्स में से एक है मुल्तानी मिट्टी। ऐसा माना जाता है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह ना केवल स्किन को ठंडक पहुंचाती है, बल्कि इससे गंदगी व अतिरिक्त ऑयल दोनों से छुटकारा मिलता है।

मुल्तानी मिट्टी को स्किन की सभी समस्याओं का एक बेहतरीन नेचुरल हल माना जाता है। स्किन केयर रूटीन में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल इतना ज्यादा पॉपुलर है कि अधिकतर लोग इससे जुड़े कुछ मिथ्स को भी सच मानकर बैठे होते हैं। यह सच है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन के लिए एक नेचुरल व बेहतरीन इंग्रीडिएंट है। लेकिन यह आपकी स्किन के लिए एकदम सही हो, यह जरूरी नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मुल्तानी मिट्टी से जुड़े कुछ ऐसे ही मिथ्स और उनकी सच्चाई के बारे में बता रहे हैं-



### मिथक 1-मुल्तानी मिट्टी को रोज लगाने से फायदा मिलता है

सच्चाई- अगर आप भी यह सोचती हैं कि मुल्तानी मिट्टी हर दिन लगाने से स्किन को काफी फायदा मिलता है तो आप एक भ्रम में जी रही हैं। इसे रोज़ लगाने से स्किन और भी ज़्यादा रूखी हो सकती है। जब स्किन की नेचुरल नमी भी चली जाती है तो आपको रेडनेस से लेकर स्किन पीलिंग हो सकती है। इससे आपको फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है।

### मिथक 2- हर स्किन टाइप पर मुल्तानी मिट्टी को इस्तेमाल किया जा सकता है

सच्चाई- अक्सर लोग सोचते हैं कि मुल्तानी मिट्टी नेचुरल है, इसलिए इसे किसी भी स्किन पर इस्तेमाल किया जा सकता है। जबकि ऐसा नहीं है। अगर आपकी स्किन रूखी या सेंसटिव है तो इसके इस्तेमाल से बचें। दरअसल, मुल्तानी मिट्टी स्किन से अतिरिक्त ऑयल को सोख लेती है, जिसकी वजह से स्किन और भी ज्यादा रूखी हो सकती है। साथ ही, सेंसिटिव स्किन में जलन का अहसास हो सकता है। कभी-कभी इसकी वजह से स्किन में रैशेज व जलन की समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है।

### मिथ 3- मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से ब्लैकहेड्स निकल जाते हैं

सच्चाई- बहुत से लोग यह सोचकर भी मुल्तानी मिट्टी को स्किन केयर रूटीन में शामिल करते हैं, क्योंकि इससे ब्लैकहेड्स हटाना आसान हो जाता है। ब्लैकहेड्स के लिए सिर्फ मुल्तानी मिट्टी ही काफी नहीं है। यह सच है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन को टाइटन करने और ऑयल कम करने में मददगार है। लेकिन ब्लैकहेड्स हटाने के लिए सही एक्सफोलिएशन या बीएचए जैसे एसिड की जरूरत होती है। एक स्टडी के अनुसार, क्ले मास्क ब्लैकहेड्स पर बहुत हल्का असर करते हैं। ब्लैकहेड्स के लिए आप रेटिनॉइड या सैलिसिलिक एसिड का इस्तेमाल करें।

## सावन की कर लें तैयारी, पहनें दुपट्टा सूट के ये ट्रेंडी डिजाइंस



सावन का महीना जल्द शुरू होने वाला है। इस वर्ष 30 जुलाई से 28 अगस्त तक सावन रहेगा। इस महीने में ज्यादातर महिलाएं सूट पहनना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं, तो आप दुपट्टे वाले सूट सेट ट्राई कर सकती हैं। दुपट्टा सूट सेट के ट्रेंडी डिजाइंसआपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे, और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।



### प्रिंटेड दुपट्टा सूट सेट

सावन के मौके पर अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए आप प्रिंटेड दुपट्टा सूट सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस सूट में प्रिंटेड डिजाइन बनाया गया है, साथ ही, इसके साथ जो दुपट्टा है वह आपके लुक को स्पेशल टच देने का काम करेगा। इस तरह के सूट को आप कपड़ा लेकर दर्जी से बनवा सकती हैं, साथ ही, यह आपको ऑनलाइन भी सस्ते कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप पर्ल इयररिंग्स पहनकर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं।



### सिल्क सूट

अपने लुक को न्यू और स्पेशल टच देने के लिए आप सावन के मौके पर सिल्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस सिल्क सूट में बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है, साथ ही, इसके साथ जो दुपट्टा है वह अलग कलर में है जो आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा। यह सूट आप ऑनलाइन ले सकती हैं, साथ ही, आपको यह बाजार में भी सस्ते कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप मिरर वर्क झुमके पहन सकती हैं जो आपके लुक को स्टाइलिश टच देंगे।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट

सावन के मौके पर अपने लुक को स्पेशल टच देने के लिए आप एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट आपके लुक में चार चांद लगा देगा।

## प्लेन टॉप के साथ स्टाइल करें ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी सेट

प्लेन टॉप के साथ आप अलग-अलग डिजाइन वाले ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इससे लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप सुंदर नजर आएंगी।

### प्लेन टॉप के साथ

आप सुंदर नजर आएंगी। जब आप प्लेन टॉप के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी सेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ज्वेलरी सेट में आपको डिजाइन अलग-अलग मिलेंगे। जिसे आप अपने टॉप के हिसाब से मैच करके वियर करें। इससे लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आएगा।

### लेयर नेकलेस सेट

आप अपने प्लेन टॉप के साथ कुछ लाइट वर्क वाले ज्वेलरी सेट को स्टाइल करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप इस फोटो में नजर आने वाले नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इसमें आपको चेन के साथ थोड़े-थोड़े हिस्से में झुमकी का डिजाइन मिलेगा। वहीं



नीचे की तरफ पेंडेंट सेट मिलेगा। इससे सेट पहनने के बाद अच्छा लगेगा।

### सिक्के के डिजाइन वाला सेट

अच्छी दिखाई देंगी जब आप वियर करेंगी ज्वेलरी सेट। ऐसे में आप अपने प्लेन टॉप के साथ पहनने के लिए चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के चोकर सेट पहनने के बाद अच्छा लगेगा। इसमें आपको सिक्के का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आपको इसमें टेंपल डिजाइन मिलेगा। इससे ज्वेलरी सेट और भी अच्छा लगेगा। इसे आप किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं।

## बारिश में ऑयली फोरहेड ने कर दिया है परेशान, ये हैक्स अपनाएं

बारिश के दिनों में अधिकतर महिलाओं को ऑयली फोरहेड की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, कुछ आसान हैक्स को अपनाकर आप इस समस्या से बच सकती हैं।

### जेल बेस्ड फेसवॉश का करें इस्तेमाल

मानसून के दिनों में अगर आपको फोरहेड पर ऑयल व चिपचिपेपन की शिकायत है तो ऐसे में आप जेल बेस्ड फेसवॉश का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन को फ्रेश बनाए रखती है। आप अपने फेस वॉश में नीम, सैलिसिलिक एसिड या टी ट्री ऑयल जैसे इंग्रीडिएंट्स को चुनें। इससे आपकी स्किन को काफी फायदा मिलता है। साथ ही, यह भी ध्यान रखें कि आप दिन में सिर्फ दो बार ही फेस वॉश करें।

### चेहरा को बार-बार छूने से बचें

चेहरे को बार-बार छूने से भी फोरहेड पर ऑयल बढ़ सकता है, क्योंकि आपके हाथ उतने साफ नहीं होते जितना देखने में लगते हैं। इतना ही नहीं, अगर बाल बार-बार माथे पर आ रहे हों और बार-बार उन्हें ठीक कर रही



हो तो इससे भी स्किन और ज्यादा ऑयली हो जाती है। इसलिए, बाल बांधकर रखो जब तक जरूरी न हो।

### क्ले मास्क का करें इस्तेमाल

मानसून के दिनों में फोरहेड के अतिरिक्त ऑयल को कम करने के लिए क्ले मास्क का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह स्किन पोर्स को डीप क्लीन करने के साथ-साथ ऑयल को कम करने में मददगार है। इस पैक को बनाने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल व हल्दी को मिक्स करके लगाएं।

### कार्नर न्यूज

### ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड पिछले कुछ दिनों में खूब चल रहा

## ओवरसाइज ट्रेंड को करना है फॉलो तो कुछ टिप्स का भी रखं खयाल, आपको मिलेगा परफेक्ट लुक

ओवरसाइज कपड़े का ट्रेंड हिप-हॉप फैशन के साथ ही आया है और कॉलेज गोअर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। अब तो बड़े-बड़े स्टार्स भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। दरअसल इसमें आराम भी मिलता है और स्टाइलिंग भी हो जाती है। ओवरसाइज टी-शर्ट तो काफी स्मार्ट दिखती हैं साथ में ऐसी शर्ट भी काफी अच्छी लगती है। पुरुष ओवरसाइज पैंट भी खूब पहनते हैं और जींस भी।

लेकिन ये ट्रेंड किसी पर भी कभी भी अच्छा लगे ये जरूरी नहीं है। बल्कि कई बातें ध्यान रखनी होती हैं, जो ओवरसाइज ट्रेंड को परफेक्टली फॉलो करने में आपकी मदद करती हैं। कौन सी हैं ये बातें, जानते हैं-

### मौका क्या है?

मौका क्या है? ओवरसाइज ट्रेंड को पहनते हुए सबसे बड़ा सवाल यही होता है। दरअसल ये ऐसा ट्रेंड नहीं है, जिसे कभी भी पहना जा सके। इसको खास मौकों पर ही पहना जा सकता है।

### ओवरसाइज हो बड़ा नहीं



ओवरसाइज फैशन में हाथ आजमाना है तो आपको साइज का ही ध्यान रखने की जरूरत होती है। इसमें आपको जरूरत से ज्यादा बड़ी ड्रेस नहीं बल्कि ओवरसाइज ड्रेस ही लेनी है। मतलब ऐसा न हो कि ओवरसाइज के चक्कर में आप अपने साइज से कई साइज बड़े कपड़े ले लें।

### कंधे और कमर पर ओवरसाइज

याद रखिए कपड़े ओवरसाइज ही लेने का एक तरीका ये है कि इनके कंधे और कमर देखिए। ये दोनों अगर ओवरसाइज हैं तो समझिए आप सही कपड़े चुन रहे हैं। वरना ऐसा लगेगा मनो आपके कपड़े हैंगर पर टंगे हैं।

### बैलेंस है जरूरी

ओवरसाइज कपड़ों के साथ बैलेंस बहुत जरूरी है। जैसे आप ओवरसाइज कोट के साथ ओवरसाइज पैंट नहीं पहन सकते हैं। बल्कि आपको ओवरसाइज कोट के साथ फिटेड पैंट पहननी चाहिए। लेकिन ये सुपर स्किनी नहीं होनी चाहिए।

### ओवर साइज टी-शर्ट चुनें ऐसे

ओवरसाइज कपड़े पहनने की बारी आती है तो सबसे पहले टी-शर्ट पहनने का ही ख्याल आता है। इसके लिए आप ऐसी टी-शर्ट लीजिए जो बाईसेप के बीच तक आए।

आमतौर पर स्मार्ट और परफेक्ट लुक पाने में कपड़ों का अहम योगदान रहता है। बेस्ट ड्रेस का सेलेक्शन अमूमन आपको कॉन्फीडेंट और



कंफर्टेबल फील कराने का काम करता है। वहीं ड्रेस का चुनाव करते समय कई लोग ट्रेंड को ध्यान में रखना पसंद करते हैं। ओवरसाइज ड्रेस ट्रेंड भी इन्हीं में से एक है। ऐसे में अगर आप चाहें तो कुछ टिप्स की मदद लेकर ओवरसाइज ड्रेस ट्रेंड को आसानी से फॉलो कर सकते हैं।